बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 06 मई 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 98 | मूल्य - 5 रुपये









HONDA




हर हिन्दुस्तानी की पहली पसंद इंडिया का
नंबर 1 स्कूटर




इंस्टेंट कैशबैक ₹5000# | न्यूनतम ब्याज दर @6.99%* | लोन 100%* तक | बिना हाइपोथिकेशन* | 3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध

सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट
पर अपना पसंदीदा होंडा वाहन ले जाईये ...*

ड्रीम्स होंडा गोंदिया रोड, बालाघाट
8349272776, 8349032276

नियम एवं शर्तें लागू*

| बैहर | कटंगी | वारासिवनी | लालबर्रा | किरनापुर | लांजी | बिरसा | चांगोटोला | खैरलांजी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8269793376 | 8109182276 | 9893782276 | 8461905148 | 8085882276 | 8827156863 | 9669526297 | 8959143504 | 8962992776 |



दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## क्रूज हादसे के दिवंगतों को कौमी एकता कमेटी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***बरगी डैम क्रूज हादसे में असमय काल के गाल में समाए लोगों को सिवनी में भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। दल सागर चौपाटी पर आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया***

और दीप प्रज्वलन व कैंडल जलाकर दिवंगत आत्माओं को नमन किया। दो मिनट का मौन रखकर सामूहिक प्रार्थना की गई, जिससे पूरा वातावरण भावनाओं से भर गया। यह आयोजन मानवता, संवेदना और एकजुटता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

विगत दिनों बरगी डैम में हुई हृदय विदारक क्रूज दुर्घटना से उपजे शोक के माहौल के बीच सोमवार शाम सिवनी के दल सागर चौपाटी पर कौमी एकता कमेटी के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और आमजन की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जहां सभी ने नम आंखों से दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से मोमबत्तियां (कैंडल) जलाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। चौपाटी परिसर सैकड़ों टिमटिमाते दीपों और कैंडलों की रोशनी से आलोकित हो उठा, जिसने पूरे वातावरण को अत्यंत भावुक और श्रद्धामयी बना दिया। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर कौमी एकता कमेटी के संरक्षक हाजी परवेज अंसारी गोल्डी, अध्यक्ष असलम बाबा, उपाध्यक्ष डॉ. के.सी. मेश्राम, छीद्धि लाल श्रीवास, कार्यवाहक अध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी देवराज डेहरिया, कोषाध्यक्ष एडवोकेट राम राजेश डेहरिया, सचिव विनोद यादव, प्रवक्ता के.के. यादव, सदस्य प्रहलाद बघेल, कोमल गढ़पाल, साबिर खान सहित संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अनेक गणमान्य नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर श्रद्धांजलि अर्पित की. हर चेहरे पर शोक और संवेदना झलक रही थी, वहीं एकजुटता की भावना भी स्पष्ट दिखाई दी।

## तालाब में डूबने से हुई दो बालकों की मौत..



**जगप्रेरणा उगली।**

***गत दिवस शाम 4-5 बजे दो नादान बच्चे खेलते हुए, जलाशय के नजदीक शौच आदि के लिये गये, जो अनियंत्रित होकर जलाशय***

में एक बालक गिर गया, जिसे देखकर व डूबता हुआ समझकर दूसरा बालक भी कूदा और दोनों असमय दुर्घटना का शिकार हो गये, गहरे पानी में डूबने से दोनों ही बालक काल के गाल में समा गये और जल समाधी बन गई, मामला थाना उगली के अंतर्गत ग्राम पिपरिया का है, इस हृदय विदारक हादसे में तालाब में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई,प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित पंद्रे (उम्र 8 वर्ष), पिता राकेश पंद्रे, निवासी पिपरिया का शव पहले ही बरामद कर लिया गया, बाद में संजीव अड़मे (उम्र 8 वर्ष पिता शिवचरण अड़मे निवासी पिपरिया की तलाश पुलिस एवं सथानिय गोता खोरों और ग्रामीणों द्वारा लगातार की गई, दूसरे बच्चे संजीव अड़मे का शव भी देर रात को बरामद कर लिया गया है,घटना के बाद पूरे गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड पडी,पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है, घटना दिनांक 4 मई शाम की पुलिस थाना प्रभारी के दिशा निर्देश पर ऐ एस आई सुमेर चंद ऊइके ने बताया कि दोनों बालक खेल के दौरान तालाब के गहरे पानी में डूबने से मृत्यु हो गई, जिस स्थान पर शव बरामद हुए वहां 10-12 फीट पानी था, गल आदी डालकर रेस्क्यू किया गया, स्थानीय गोताखोर और परिजनों की मदद से दोनों शवों को सुरक्षित निकाला गया और अगले दिन सुबह पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम कार्रवाई बाद दोनों बालकों के शव को परिजनों के सौंपने की कार्रवाई की गई और पुलिस थाना उगली ने मर्ग कायम कर विवेचना कर रहे हैं।

## आधार एनरोलमेंट एवं अपडेट के लिए विशेष अभियान 08 एवं 09 मई को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए आधार सेवाओं के अंतर्गत नवीन पंजीयन एवं अपडेट हेतु विशेष अभियान का आयोजन दिनांक 08 मई 2026 एवं 09 मई 2026 को किया जा रहा है।***

इस अभियान के अंतर्गत डाकघर आधार सेवा केन्द्रों में नया आधार पंजीयन, आधार कार्ड में त्रुटि सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट, मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी लिंक अथवा अपडेट जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अभियान के सफल संचालन हेतु दिनांक 06 मई 2026 एवं 07 मई 2026 को टोकन वितरण किया जाएगा। निर्धारित तिथियों पर सभी आधार सेवा केन्द्र प्रातः 08:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक कार्य करेंगे, जबकि प्रधान डाकघरों में यह सेवा सायं 08:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

बालाघाट संभाग अंतर्गत सिवनी जिले में यह विशेष अभियान सिवनी प्रधान डाकघर, छपारा, बरघाट, घंसौर एवं लखनादौन उपडाकघरों में संचालित होगा।

सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे अपने नजदीकी डाकघर आधार सेवा केन्द्र में पहुंचकर इस विशेष महा-अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

अधिक जानकारी कार्यालय अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग, बालाघाट के दूरभाष 07632-247574 व ईमेल **dobal-aghat.mp@indiapost.gov.in** पर संपर्क कर सकते हैं।

## द्विमासिक क्रिकेट समर कैम्प का शुभारंभ



**जगप्रेरणा केवलारी।**

***रिदा स्पोर्ट एवं करीम स्पोर्ट के द्वारा द्विमासिक क्रिकेट समर कैंप का उद्घाटन दिनांक 5 मई मंगलवार को शंशाक मेश्राम तहसीलदार, शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद, रमाशंकर महोबिया, रफीक खान, राजेश तिवारी, रामनरेश दुबे पत्रकार, सुधीर मुंजारे***

मैराथन धावक एवं बशीद खान रिदा स्पोर्ट्स की उपास्तिथी मे हाई स्कूल खेल मैदान मे सरस्वती पूजन के साथ शुभारंभ हुआ।मंच संचालन कर्ता पवन यादव अधिवक्ता ने मंचासीन आतिथीयो का पुष्प गुच्छ से स्वागत उपरांत शुभकामना भाषण मे शंशाक मेश्राम तहसीलदार ने कहा कि क्रिकेट खेल हो या जो भी खेल मे खिलाडियों का इंटरेस्ट रहता है ओर खेल खेलता है उसे खेल तक सीमित नहीं रखा जा सकता खेल खेलने से शारीरिक पुष्टता, मानसिक विकास का डेवलपमेंट कर खिलाड़ी श्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शाक्ति प्राप्त करता है।

क्रिकेट कोच मोहम्मद बाशिद के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 5 मई से 25 जून तक चलने बाले इस समर कैम्प मे क्षेत्र के इच्छुक बालक बालिकाओं को प्रवेश दिया गया है। पिछले सत्र मे समर कैम्प मे परिपक्व हुये खिलाडियों को प्रदेश मे स्थान मिला है,इस सत्र मे विहार ओर उत्तर प्रदेश के कोच के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा, खेल मे दिलचस्पी रखने बाले बालक बालिका अपना आधार कार्ड ओर फोटो के साथ प्रवेश सुनिश्चित करें ।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मानस चौरसिया ने जीता सिल्वर पदक



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय सब-जूनियर, जूनियर कैडेट एवं जूनियर कराटे प्रतियोगिता में सिवनी जिले के खिलाड़ी मानस चौरसिया और अधीश तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन***

किया है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने कुमीते और काता जैसी विभिन्न कराटे विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 1 मई से 3 मई तक इंदौर पब्लिक स्कूल, राजेंद्र नगर, इंदौर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के लगभग 20 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र सेल्फडिफेंस कराते ट्रेनिंग सेन्टर सिवनी के खेल प्रशिक्षक श्री ओमकार कश्यप, सेन्साई राधिका कश्यप, सेन्साई घनश्याम कश्यप ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र सिवनी के खिलाड़ी मानस चौरसिया ने कड़े मुकाबलों के बीच शानदार खेल दिखाते हुए सिल्वर पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से जिले में खुशी का माहौल है। कोच एवं खेल प्रेमियों ने मानस चौरसिया और अधीश तिवारी की इस सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंच बांध, चौरई से 06 मई को की जाएगी जल निकासी..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

चौरई नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति हेतु जल की बढ़ती मांग को दृष्टिगत रखते हुए पेंच व्यपवर्तन बांध, चौरई से दिनांक 06 मई 2026 को प्रातः 11:00 बजे बांध का गेट खोलकर लगभग 15.67 क्यूमेक्स जल की निकासी की जाएगी। इस संबंध में जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि जल निकासी के दौरान नदी में जल प्रवाह तेज हो सकता है। अतः सभी नागरिक नदी के घाटों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा अपने मवेशियों एवं अन्य सामग्री को सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। तेज जल प्रवाह के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने हेतु नागरिकों से अपील की जाती है कि वे नदी एवं घाटों के समीप न जाएं और सतर्कता बरतें।

### नेशनल लोक अदालत 09 मई को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

शनिवार 09 मई 2026 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय सिवनी, तहसील न्यायालय लखनादौन एवं व्यवहार न्यायालय केवलारी, छपारा एवं घंसौर में किया जाएगा। आयोजित नेशनल लोक अदालत में लंबित समझौते योग्य आपराधिक प्रकरण, समस्त प्रकार के दीवानी प्रकरण, पारिवारिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत संबंधी मामले तथा बैंक ऋण वसूली एवं जलकर वसूली के पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। आमजन एवं पक्षकारों से अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाते हुए अपने प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से कराएं, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत हो सके।

### बरघाट में आज होगा अस्थिबाधित दिव्यांगजन के लिए कैलीपर्स प्रदाय शिविर का आयोजन एवं घंसौर में 07 मई को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में एडिप योजना अंतर्गत अस्थिबाधित दिव्यांगजन के लिए ऑन द स्पॉट कैलीपर्स/कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) के लिए चिन्हांकन सह वितरण शिविर का आयोजन एस.आर.ट्रस्ट रतलाम के सहयोग से किया जा रहा है। उक्त शिविरों में दिव्यांगजनों का परीक्षण उपरांत चिन्हांकित कर शिविर स्थल पर ही कैलीपर्स/कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) बनाकर प्रदान किया जावेगा। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी सिवनी ने बताया कि दिनांक 05 मई को जनपद पंचायत कुरई में आयोजित शिविर में कुल 28 अस्थिबाधित दिव्यांगजन लाभान्वित हुये। इसी क्रम में जनपद पंचायत बरघाट 06 मई एवं जनपद पंचायत घंसौर 07 मई 2026 को अस्थिबाधित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किये जायेगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह द्वारा पात्र अस्थिबाधित दिव्यांगजनों से शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

### भूतपूर्व सैनिकों का मासिक सैनिक सम्मेलन 11 मई को..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि भूतपूर्व सैनिकों, एवं उनके आश्रितों के लिए ''मासिक सैनिक सम्मेलन'' का आयोजन दिनांक 11 मई को प्रातः 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। आयोजित सम्मेलन में उपस्थित हितग्राहियों को अपनी समस्याओं के समाधान एवं निराकरण हेतु जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होगा। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए सम्मेलन में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें।

## अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराया ट्रक



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के लखनादौन नगर में सोमवार देर रात वार्ड क्रमांक-5 की संकरी सड़क पर ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया।***

जिससे पोल और ट्रक दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार घटना देर रात संकरी सड़क से अंदर प्रवेश करते समय हुआ। मोड़ पर वाहन को पीछे करते समय चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक का पिछला हिस्सा सीधे बिजली के खंभे से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं ट्रक के पिछले हिस्से को भी काफी नुकसान पहुंचा।

### चालक के रास्ते की सही जानकारी नहीं होने से हादसा..

हादसे के समय सड़क पर आवाजाही कम थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि घटना दिन के समय होती, तो कई राहगीर या अन्य वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, संकरी सड़क और तीखा मोड़ हादसे का मुख्य कारण माने जा रहे हैं। कुछ लोगों ने यह आशंका भी जताई कि चालक को रास्ते की सही जानकारी न होने के कारण हादसा हुआ होगा। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।बिजली कंपनी ने सुधार कार्य शुरु किया।

हादसे के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर बिजली कंपनी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल को दुरुस्त करने का काम शुरू किया। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई की गई। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि वार्ड की संकरी सड़कों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए या यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस घटना ने एक बार फिर नगर में यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोपालगंज, चमारी एवं मुंगवानी की कार्यकारिणी घोषित..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशारूप, संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस***

अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा सिवनी विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोपालगंज, चमारी एवं मुंगवानी के अध्यक्ष कमलेश सनोडिया, प्रभातसिंह ठाकुर एवं राजू सनोडिया द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई है। गोपालगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष पेशूराम सनोडिया।

ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष शशिभूषण बघेल लखनवाड़ा, चिंतामन धुर्वे केकड़वानी, माजिद खान गोपालगंज। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव जीवन सनोडिया भंडारपुर, मदन मर्सकोले खैरटोला, घनश्याम डेहरिया नंदौरा, रवि चन्द्रवंशी कटंगी, संजय सनोडिया कोहका, लोकेश सनोडिया खैरी। ब्लॉक कांग्रेस सचिव राजिक खान सकरदा, लक्ष्मन मर्सकोले ऐरपा, अपूर्व सिंह मोनू बघेल चारगांव, श्रीमती सुनीता वर्मा लखनवाड़ा, श्रीमती सुनीता बट्टी खैरटोला, श्रीमती रेखा मर्सकोले बाड़ीवाड़ा, उमेश बबलू सनोडिया, गया चन्द्रवंशी।

ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता) वीर जावरे पीपरडाही। ब्लॉक सोशल मीडिया में वीरेन्द्र सनोडिया का समावेश किया गया। चमारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष नेमसिंह इनवाती सर्रा। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष सुनील उइके चंदेनी, श्रीमती कांती भलावी सोठावारी, निसार खान बडपानी, ब्लॉक कांग्रेस महासचिव विनोद ठाकुर तेंदनी, रामदीन परते जोगीवाड़ा, श्रीमती लक्ष्मी आहके तेदनी टोला, कैलाश मर्सकोले पौंडी, अंसार खान तिलबोडी, दयानंद चांग। ब्लॉक कांग्रेस सचिव अकबर खान बरबसपुर, श्रीमती सद्भावना बरकड़े गोरखपुर, मदनी मंसूरी दरबई, राजिक भाई साल्हैगढ़, रामसा इनवाती सर्रा, अजय साहू नांदिया, अशोक भलावी मड़वा, ललित ठाकुर चमारीखुर्द। ब्लॉक मीडिया(प्रवक्ता)अंशुल यादव चमारी। ब्लॉक सोशल मीडिया प्रहलाद ठाकुर डांगावानी की नियुक्ति की गई।

मुंगवानी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष संतकुमार सनोडिया छिन्दग्वार। ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष रामकुमार बघेल भोंगाखेड़ा, रणजीत ठाकुर मुंगवानी, अम्बिका सनोडिया मनौरी। ब्लॉक कांग्रेस महासचिव अरूण सनोडिया रनबेली, बलवीर डेहरिया नकटिया, प्रदीप बघेल पुसेरा, शिवशंकर बघेल तिघरा, दीपक तिवारी जैतपुरखुर्द, प्रयाग डेहरिया छिन्दग्वार, दिलीप चैरसिया मुंगवानीखुर्द, रामकृष्ण कुमरे भोंगाखेड़ा।

ब्लॉक कांग्रेस सचिव गोविंद यादव गंगई, केसरी दाहिया हथनापुर, विनोद बघेल भाटीवाड़ा, राजा काकोडिया कमकासुर, प्रकाश डेहरिया टिकारी, दिनेश सनोडिया बाधी, बलराम डेहरिया, टिकारी, हिमांशु राजपूत मुंगवानी, तुलाराम बंजारा मारबोडी। ब्लॉक मीडिया (प्रवक्ता) प्रशांत बघेल किसनपुर। ब्लॉक सोशल मीडिया कुलदीप शुक्ला ग्राम पायली की नियुक्ति की गई।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये
संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित
सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड
अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट नगर पालिका परिषद ने दी शहर को भीषण गर्मी में राहत की सौगात..

## काली पुतली चौक स्थित सुभाष गार्डन में भारती ठाकुर ने किया फाउंटेन (फव्वारे) का लोकार्पण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर के काली पुतली चौक में बीते कुछ वर्षों पूर्व एक फव्वारा नगर पालिका द्वारा स्थापित किया जाता था, जिससे उड़ती पानी की बूंदों का आनंद लेने के लिये लोग काली पुतली चौक पहुंच जाया करते थे। लेकिन धीरे शहर की बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते ट्रैफिक के कारण उस फव्वारे को बंद कर दिया***

गया था, लेकिन एक बार फिर अब शहर की जनता व राहगीरों व चौक चौपाही पर पहुंचने वालों को भीषण गर्मी में राहत देने के लिये बालाघाट नगर पालिका ने राहत की सौगात दी है। 04 मई को बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर ने साथी पार्षदों की उपस्थिति में काली पुतली चौक पर स्थित सुभाष गार्डन में एक आकर्षक फाऊंटेन (फव्वारे) का लोकार्पण किया, जिससे निकली पानी की बौछारों ने भीषण गर्मी में लोगों को आनंदित करना शुरु कर दिया है। ज्ञात हो कि इस फाऊंटेन के लोकार्पण के साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे की प्रमुख उपस्थिति में झालमुर्री (भेल) का वितरण भी किया गया।

गौरतलब है कि बालाघाट शहर में सौंदर्यीकरण के दृष्टिकोण से उत्कृष्ट विद्यालय के सामने छत्रपति शिवाजी पार्क की स्थापना की गई थी, तथा मोती गार्डन में हरियाली में विस्तारिकरण, आकर्षक झूलों, ओपन जीम एवं वॉकिंग गलियारा ओपन आर्ट गैलरी बनाई गई। इसी दिशा में अब अम्बेडकर चौक में आकर्षक फाउंटेन एवं कोतवाली थाने के सामने डिवाडर पर मोती उद्यान तक वन्यजीवों की सजीव मूर्तियां स्थापित की गई है, जिससे शहर में कुछ बदलाव अब नजर आने लगा है।

### बोली भारती ठाकुर..

सुभाष उद्यान में फव्वारे का लोकार्पण करते हुए भारती ठाकुर ने कहा कि हमारा संकल्प है कि बालाघाट शहर को स्वच्छ-सुंदर बनायें। इस दिशा में हम लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में चौपाटी और अम्बेडकर चौक में आकर्षक फाउंटेन, कोतवाली थाने के सामने डिवाईडर पर बाघ, शेर, मोर, बारहसिंगा, जिराफ इन प्रतिमाओं से सुंदरता प्रदान की गई है। आगे भी सौंदर्यीकरण की नई सौगात जारी रहेगी जिसमें मोती उद्यान में टॉय ट्रेन का कार्य प्रगतिपर है।

### बनेगा शहीद पार्क..

भारती ठाकुर ने आगे यह भी बताया कि अब जिले के गौरवशाली इतिहास और शहीदों के बलिदान को सहेजने एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। एलआईसी कार्यालय के बाजू स्थित अम्बेडकर चौक में आकर्षक फाउंटेन एवं पार्क का निर्माण किया जा रहा है, जिसका नाम 'शहीद पार्क' रखा जाएगा। इस पार्क में जिले को नक्सल मुक्त बनाने की गौरवगाथा के साथ वीर जवानों और शहीदों की स्मृतियों को संजोया जाएगा, जिन्होंने अपने साहस, संघर्ष और सर्वोच्च बलिदान से बालाघाट जिले को नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या से मुक्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### इनकी रही उपस्थिति

आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, रमेश भटेरे, संजय गौतम, सुरजीतसिह ठाकुर, राकेश सेवईवार, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, सभापति वकील वाधवा, संगीता कावरे, योगिता बोपचे, कमलेश पांचे, उज्जवल आमाडारे, खगेश कावरे, विनय बोपचे, गजेन्द्र भारद्वाज, सुरेन्द्र पाल सिंह कौशल, विशाल मंगलानी, यासीन खान, राजेश लिल्हारे, जैनेन्द्र कटरे, विक्की पालेवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर मीना ने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों की समक्ष में की सुनवाई



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 05 मई को राजस्व विभाग की 500 दिनों से अधिक की लंबित शिकायतों की समक्ष में सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं शिकायतकर्ता को समक्ष में बुलाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली और शिकायतों का***

निराकरण कराया। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन एवं अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक भी उपस्थित थे। खैरलांजी तहसील के ग्राम पिंडकेपार के जितेंद्र अटराहे द्वारा गांव की शासकीय भूमि पर कुछ लोगो द्वारा अतिक्रमण कर खेती करने की शिकायत की गई थी। यह शिकायत 500 से अधिक दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। इस पर संबंधित पटवारी आयुष सिंघल एवं राजस्व निरीक्षक से वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई। जिसमें पाया गया कि पटवारी द्वारा शिकायत के निराकरण में गंभीरता से प्रयास नही किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने पटवारी आयुष सिंघल को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करे कि जिन लोगो द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खेती की जा रही है, आने वाले दिनों में उस भूमि पर खेती नही होना चाहिए। यदि उस भूमि पर खेती करना पाया जाएगा तो पटवारी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जाएगी। इस पर शिकायतकर्ता संतुष्ट हो गया और शिकायत को बंद करने पर सहमत हो गया।

खैरलांजी तहसील के ग्राम सावरगांव निवासी विलास वासनिक द्वारा जमीन के सीमांकन के लिए आवेदन किया गया था। यह शिकायत 437 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पाया गया कि पटवारी द्वारा शिकायत के निराकरण में गंभीरता से प्रयास नही किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने पटवारी अंकित गंगभोज को 02 दिनों के भीतर सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने चेतावनी दी कि शुक्रवार 08 मई तक यह शिकायत बंद नही होगी तो उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बालाघाट तहसील के ग्राम खैरी निवासी टीकाराम बनोठे द्वारा उसकी भूमि पर मीना पति मानिक नगपुरे द्वारा अतिक्रमण कर अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है। यह शिकायत 506 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। इस प्रकरण में कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम गोपाल सोनी से वस्तुस्थिति की जानकारी ली और संबंधित हल्के के पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम खैरी में अवैध कालोनी तैयार करने वाले लोगो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। लांजी तहसील के ग्राम मिरियॉ-टेकेपार निवासी निर्मला उपराडे द्वारा शिकायत की गई थी कि उसके ससुर एवं पति की मृत्यु के बाद जमीन के रिकॉर्ड में उसका नाम दर्ज नही किया गया और उस जमीन के कुछ हिस्से को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है और उसकी रजिस्ट्री भी हो गई है। जिसके कारण उसे परेशानी का सामना करना पड रहा है। यह शिकायत 552 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान निर्मला उपराडे से दूरभाष पर चर्चा की गई और लांजी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि निर्मला का नाम उसके हक की जमीन पर दर्ज कराने की कार्यवाही करें। इस प्रकरण में मिरिया के पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए है।

लालबर्रा तहसील के ग्राम बांदरी निवासी भवनलाल चकोले द्वारा शिकायत की गई थी कि गांव के कुछ लोगो द्वारा शासकीय भूमि पर तालाब बनाकर अतिक्रमण किया गया है। जिसके कारण उसे समस्या हो रही है। यह शिकायत 505 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने संबंधित पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक को भवनलाल चकोले की जमीन का सीमांकन कर उसकी जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिये और कहा कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाये जाने पर उसे हटाने की कार्यवाही करें। इस पर शिकायतकर्ता संतुष्ट हो गये और उन्होने शिकायत को बंद करने सहमति दी। वारासिवनी तहसील के ग्राम जागपुर निवासी चितरंजन बारेकर द्वारा शिकायत की गई थी कि अपीनलाल बारेकर द्वारा उसकी जमीन के कुछ हिस्से पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। यह शिकायत 531 दिनों से निराकरण के लिए लंबित थी। समक्ष में सुनवाई के दौरान पटवारी को निर्देशित किया गया कि चितरंजन बारेकर की जमीन का सीमांकन कर इस शिकायत को एक सप्ताह के भीतर बंद कराये अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

वारासिवनी तहसील के ग्राम उमरवाडा निवासी किशोर कुमार पाण्डे द्वारा अपनी जमीन के रकबे को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने के लिए आवेदन किया गया है । यह शिकायत 711 दिनों से लंबित पायी गई। इस शिकायत में समक्ष में सुनवाई के दौरान पटवारी अंकुश मर्सकोले को निर्देशित किया गया कि एसडीएम कोर्ट वारासिवनी में चल रहे अपील प्रकरण में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत कर प्रकरण का निराकरण कराये और इस शिकायत को शीघ्र बंद कराये अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# 101 आवेदकों ने दिये समस्याओं से संबंधित आवेदन, जनसुनवाई में कलेक्टर मृणाल मीना ने एक एक समस्या पर किया ध्यान केन्द्रित



जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 05 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल***

एवं डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 101 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे। जनसुनवाई में कटंगी तहसील की वार्ड क्रमांक 06 की निवासी सुनंदा बागडे 06 महीने से कुक एवं कुक हेल्पर के कार्य का भुगतान नही किये जाने की शिकायत लेकर आयी थी। सुनंदा का कहना था कि वह वर्ष 2020 में वीर सीरोमणी महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी के प्रसुता वार्ड में प्रसुता महिलाओं को भोजन प्रदाय करने के लिए कुक का कार्य कर रही है। अगस्त 2025 से अब तक के उसके कार्य का भुगतान उसे नही किया गया है। सुनंदा एक गरीब महिला है और उसके पति विकलांग है। अतः सुनंदा को उसके कार्य का पारिश्रमिक भुगतान प्रदाय किया जाए।

इस प्रकरण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। लालबर्रा तहसील की ग्राम मानपुर निवासी श्यामबती तेकाम पति की मृत्यु उपरांत ग्रेज्युटी व पेंशन राशि दिलाये जाने की मांग लेकर आयी थी। श्यामबती का कहना था कि उसके पति रूपलाल तेकाम परसवाडा तहसील अंतर्गत ग्राम डोंगरिया में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। रूपलाल की मृत्यु 22 नवम्बर 2025 को हो चुकी है। अतः श्यामबती ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उसे पति की मृत्यु उपरांत मिलने वाली ग्रेज्यटी व पेंशन की राशि दिलायी जाए। इस प्रकरण में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

बालाघाट तहसील के वार्ड नं. 03 गौस नगर के रहवासी वार्ड में विधायक निधि से लगाये गए विद्युत पोल को पुनः स्थापित किये जाने की मांग लेकर आये थे। वार्ड वासियों का कहना था कि वार्ड नं. 03 गौस नगर में वर्ष 2026 में विधायक निधि से 03 विद्युत पोल लगाये गए थे। कुछ समय बाद 03 विद्युत पोल से एक पोल विभाग द्वारा निकाल कर ले जा लिया गया और कहा गया कि कुछ सुधार कार्य करके पुनः पोल स्थापित किया जाएगा। किंतु आज दिनांक तक निकाला गया विद्युत पोल स्थापित नही किया गया है। विद्युत पोल न होने से वार्ड वासियों को बहुत सी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। अतः शीघ्र वार्ड में विद्युत पोल लगाया जाए। इस प्रकरण में अधीक्षण अभियंता को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। खैरलांजी तहसील अंतर्गत ग्राम डोंगरिया पोस्ट अमई निवासी संगीता अग्ने कर्मकार मण्डल योजना अंतर्गत लाभ न मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। संगीता का कहना था कि उसके द्वारा कर्मकार मण्डल योजना अंतर्गत ई-स्कूटी के लिए आवेदन 11 मार्च 2025 को किया गया था, किंतु आज दिनांक तक हमें कर्मकार मण्डल योजना अंतर्गत ई-स्कूटी का लाभ प्राप्त नही हो पाया है। इस प्रकरण में जिला श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

खेरलांजी तहसील के ग्राम मोहाड़ी निवासी देवेंद्र नगपुरे अपने पुत्र हर्षवर्धन नगपुरे का सीएम राइज स्कूल वारासिवनी में प्रवेश दिलाने की मांग क़ो लेकर आये थे। देवेंद्र नगपुरे का कहना था की उनका बेटा आरम्भ से कक्षा 08वीं तक विधासागर इंग्लिश मीडियम स्कूल में अध्यनरत था लेकिन अब कक्षा 09वीं से वे अपने बेटे की आगे की पढाई संदीपनी स्कूल(सीएम राइज स्कूल) में करवाना चाहते है। उनका कहना था की उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण वे अच्छे स्कूल में अपने बेटे का प्रवेश नहीं करा पा रहे है। उसकी इस समस्या क़ो सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें जिला शिक्षा अधिकारी क़ो इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई में ग्राम छिंदलइ की तहसील लालबर्रा निवासी सचिन चौधरी अपने भाई कपिल चौधरी के किडनी ट्रांसप्लांट में आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग क़ो लेकर आये थे। सचिन चौधरी का कहना था की उसका भाई किडनी की बीमारी से ग्रसित है व उसके किडनी ट्रांसप्लांट के लिए डॉक्टर द्वारा 06 लाख रू का खर्चा बताया गया है। उसने बताया की वे गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करते है व उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।यदि उसकी कुछ आर्थिक मदद हो जाती तो वह अपने भाई का इलाज अच्छे से करा पाता। उसकी इस समस्या क़ो सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें सीएमएचओ क़ो इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

जनसुनवाई में ग्राम परसवाडा की तहसील किरनापुर निवासी भवानी प्रसाद तिवारी स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग क़ो लेकर आये थे। भवानी प्रसाद तिवारी का कहना था की उनके गॉव परसवाडा से होकर रजेगांव से लॉंजी पर मुख्य हाईवे गुजरता है जो अत्यंत व्यस्त एवं तेज गति से होकर गुजरता है जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। उन्होने बताया की इसी मार्ग पर पहले भी कई दुर्घटना हो चुकी है। इस स्थान पर ग्रामीणों का आवागमन हमेशा लगा रहता है इसके अलावा यहां पर पशुओं की आवाजाही लगी रहती है जिससे जनहानि का खतरा लगातार बना रहता है। उनका कहना था की इन स्थानों पर यदि स्पीड ब्रेकर बन जाता तो होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उनकी इस समस्या क़ो सुनते हुए कलेक्टर श्री मीना नें सम्बंधित विभागीय अधिकारी क़ो इस प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जनसुनवाई में लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम कालीमाटी वार्ड नं.03 की निवासी कुसमी बाई डोंगरे मोहल्लेवासियों द्वारा हैण्डपंप में लगे समर्सिबल पंप से उसे पानी न भरने दिये जाने की शिकायत लेकर आयी थी। कुसमी बाई का कहना था कि उनके वार्ड में शासन से हैण्डपंप खुदवाया गया है जिसमें विगत 3-4 माह पूर्व हैण्डपंप से पाईप निकालकर उसकी जगह वार्ड के कुछ लोगो द्वारा सम्पर्सिबल पंप लगा दिया गया है और सारा पानी स्वयं ही उपयोग किया जा रहा है। कुसमी बाई ने बताया कि इसके लिए उसने एसडीएम लांजी, थाना टीआई लांजी से भी शिकायत की थी लेकिन इस पर अब तक कोई कार्यवाही नही की गई। अतः कुसमीबाई की समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस प्रकरण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। वारासिवनी तहसील अंतर्गत कोसरिटोला मुरझड निवासी मोरेश्वर उके अपनी पुत्री का प्रवेश सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में दिलाये जाने की मांग लेकर आये थे। मोरेश्वर का कहना था कि उसकी पुत्री कु. पावनी उके गांधी विद्या मंदिर में कक्षा पहली से आठवी तक अध्ययन कर चुकी है और अब वह सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में अध्ययन करना चाहती है। मोरेश्वर ने बताया कि बेटी के प्रवेश के लिए उसने विद्यालय प्राचार्य से सम्पर्क किया तो उन्होंने कहा कि उसकी पुत्री को विद्यालय में प्रवेश नही दिया जाएगा। मोरेश्वर की बेटी कक्षा 8वीं में 92 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण हुई है। अतः उसकी पुंत्री को सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में प्रवेश दिया जाए। इस प्रकरण में जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

# 7-8 महीनों से वेतन नहीं मिलने से दुखी कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन




जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, जिला बालाघाट द्वारा कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को ज्ञापन सौंपकर विकासखंड बिरसा, बैहर और परसवाड़ा के स्कूलों, आश्रम शालाओं एवं छात्रावासों में***

कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को पिछले 7-8 महीनों से वेतन नहीं मिलने की गंभीर समस्या उठाई गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि संबंधित अंशकालीन कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है, जबकि उन्हें पहले से ही अल्प वेतन मिलता है। ऐसे में लगातार कई महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और उन्हें दैनिक जीवनयापन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि इस संबंध में पूर्व में 7 अप्रैल 2026 को भी सहायक आयुक्त कार्यालय को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक बिसेन एवं अंशकालीन कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संतोष चौधरी ने प्रशासन से मांग की है कि मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रभावित कर्मचारियों का लंबित वेतन जल्द से जल्द जारी किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र भुगतान नहीं किया गया तो आगे आंदोलनात्मक कदम उठाने पर भी विचार किया जाएगा।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

जग प्रेरणा

लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

# आशीर्वाद समारोह में अनोखी पहल: छत्रपति शिवाजी महाराज की छायाचित्र भेंट कर समाज को दिया प्रेरणादायक संदेश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***आज के दौर में शादी-विवाह जैसे आयोजनों में महंगे और आकर्षक उपहार देने की परंपरा तेजी से बढ़ रही है, लेकिन इसी बीच एक सराहनीय और अलग सोच का उदाहरण सामने आया। अक्षय किरण सपाटे के आशीर्वाद***

समारोह में पहुंचे हितेश अजीत ने अपनी पत्नी कविता अजीत एवं पुत्र रूद्र अजीत के साथ मिलकर एक अनोखा और प्रेरणादायक उपहार भेंट किया। उन्होंने दूल्हा-दुल्हन को छत्रपति शिवाजी महाराज की छायाचित्र भेंट कर समारोह में मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

यह पहल केवल एक उपहार देने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके पीछे एक गहरी सोच और सामाजिक संदेश भी जुड़ा हुआ है। हितेश अजीत ने बताया कि वर्तमान समय में लोग उपहारों में भौतिक वस्तुओं को प्राथमिकता देते हैं, जो समय के साथ अपनी उपयोगिता खो देती हैं। ऐसे में यदि महापुरुषों की छवियां और उनके विचार घर-घर तक पहुंचें, तो वह लंबे समय तक प्रेरणा का स्रोत बन सकती हैं।

उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और कुशल नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनके जीवन से हर वर्ग और हर पीढ़ी को सीख मिलती है। यदि घरों में ऐसे महापुरुषों के चित्र लगाए जाएं, तो बच्चे स्वाभाविक रूप से उनके बारे में जानने की जिज्ञासा रखेंगे और उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा लेंगे।

हितेश अजीत ने यह भी बताया कि इस पहल के माध्यम से उनका उद्देश्य समाज में एक सकारात्मक सोच विकसित करना है, जिससे लोग पारंपरिक उपहारों के साथ-साथ वैचारिक और प्रेरणादायक उपहार देने की ओर भी आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को संस्कार और प्रेरणा देने का यह एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका हो सकता है।

समारोह में उपस्थित लोगों ने इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम बताया। कई लोगों ने इसे एक नई शुरुआत मानते हुए कहा कि यदि इस तरह के प्रयास बढ़ते हैं, तो समाज में महापुरुषों के प्रति सम्मान और जागरूकता और अधिक मजबूत होगी।

आशीर्वाद समारोह में नवदंपति अक्षय किरण सपाटे ने भी इस विशेष उपहार को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अक्षय सपाटे ने कहा, ÷मैं इस उपहार को पाकर अभिभूत हूं। मुझे अनेकों उपहार मिले, लेकिन छत्रपति शिवाजी महाराज की यह छायाचित्र मेरे लिए लाखों-करोड़ों की संपत्ति से भी अधिक अनमोल है। मेरा आमजन से निवेदन है कि हम सभी शिवाजी महाराज के बताए रास्तों पर चलकर समाज की सेवा करें।÷

# बच्चों के साथ शिक्षा अध्ययन के दौरान कोई हादसा न इसलिए नेताओं और अधिकारियों के दफ्तरों में दस्तक..

## जिला पंचायत सदस्य चेतना अजय कुराहे सरपंच भुपेंद्र बुड़ेकर के प्रयासों से मिलेगी बच्चों को राहत..



जगप्रेरणा रजेगांव।

***रजेगांव स्थित सांदीपनि स्कूल के नए भवन का निर्माण फोरलेन हाईवे के दूसरी ओर किए जाने से स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है।***

फिलहाल स्कूल का संचालन गांव में स्थित पुराने भवन में ही किया जा रहा है, लेकिन आगामी सत्र से कक्षाएं नए भवन में लगने की संभावना है। इसी को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में अभी से डर का माहौल बन गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि जैसे ही स्कूल नए भवन में शिफ्ट होगा, बच्चों को रोजाना व्यस्त फोरलेन सड़क पार करनी पड़ेगी। यह मार्ग पहले से ही हादसों के लिए जाना जाता है और यहां चौबीसों घंटे तेज रफ्तार से वाहन चलते हैं। ऐसे में बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के बच्चों का आना-जाना बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है।

समस्या की गंभीरता को समझते हुए जिला पंचायत सदस्य चेतना अजय कुराहे और सरपंच भूपेंद्र बुड़ेकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। फोरलेन निर्माण के समय से ही दोनों जनप्रतिनिधि इस क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की मांग को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के दफ्तरों में दस्तक दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, चेतना कुराहे ने जिला पंचायत की बैठकों में कई बार इस मुद्दे को उठाया है। वहीं सरपंच भूपेंद्र बुड़ेकर ने ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बनाकर छिंदवाड़ा हाईवे कार्यालय में अपनी बात रखी। इसके अलावा दोनों प्रतिनिधि कलेक्टर से मिलकर भी समाधान की मांग कर चुके हैं और क्षेत्रीय विधायक व मंत्रियों तक यह मुद्दा पहुंचाया गया है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी के कार्यालय में भी यह मामला प्रमुखता से रखा गया, जहां से बच्चों की सुरक्षित आवाजाही के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का आश्वासन मिला है। ग्रामीणों और अभिभावकों को उम्मीद है कि नए सत्र से पहले ही कोई ठोस व्यवस्था लागू की जाएगी, ताकि बच्चों को सुरक्षित माहौल में शिक्षा मिल सके और किसी भी संभावित हादसे से बचाव हो सके।

# ग्राम सेरवी में एफटीके प्रशिक्षण आयोजित, ग्रामीणों को सिखाई गई पेयजल गुणवत्ता जांच की विधि..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट विकासखंड अंतर्गत ग्राम सेरवी में मंगलवार को फील्ड टेस्ट किट (एफ्टीके) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर पेयजल की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करना एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद पंचायत बालाघाट की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती ममता कुलस्ते, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौकसे, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री श्री सत्यम पटेल, उपयंत्री के.के. धमनिया तथा ब्लॉक समन्वयक सपन नाथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, सरपंच, पंचों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने एफ्टीके किट के उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार पानी के नमूने लेकर उसकी जांच की जाती है। प्रतिभागियों को क्लोरीन, पीएच, आयरन सहित विभिन्न मानकों की सरल तरीके से पहचान करने की विधि सिखाई गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय स्तर पर जल गुणवत्ता की नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है। इससे दूषित पानी की पहचान समय रहते हो जाती है और हैजा, टायफाइड, डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों से बचाव संभव होता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया, जिसमें उन्होंने स्वयं एफ्टीके किट का उपयोग कर पानी की जांच प्रक्रिया को समझा।

साथ ही जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने, पानी के सुरक्षित भंडारण और उपयोग के तरीकों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग अपने-अपने क्षेत्रों में करें तथा अन्य ग्रामीणों को भी स्वच्छ पेयजल के प्रति जागरूक बनाएं, ताकि गांव में स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब के पौत्र

# डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर के हस्ते बुद्धिस्ट सोसायटी जिला कार्यालय का भूमि पूजन संपन्न..

## मप्र की द्वितीय टापर अक्षरा घोड़ेसवार का भी किया गया सम्मान..

## राज्यों, जिलों, एवं अन्य शाखा मुख्यालयों में भैयासाहब यशवंतराव भवन का निर्माण करेंगे..

## समाज के सभी सम्मानित साथी भवन निर्माण में दिल से दान दे..







जगप्रेरणा बालाघाट।

दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफइंडिया अर्थात भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा बालाघाट के अंतर्गत तहसील शाखा लांजी के तत्वावधान में दिनांक 3 मई को आयोजित विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन के अवसर पर संस्था के ट्रस्टी, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष, समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंत राव आंबेडकर साहेब मुंबई के आगमन के दौरान बालाघाट मुख्यालय में बूढी वार्ड न 13 रेलवे क्रासिंग के पास में संस्था के जिला कार्यालय सूर्यपुत्र यशवंतराव अर्थात भैया साहेब आंबेडकर भवन का भूमिपूजन एवं बालाघाट जिले की खैरलांजी तहसील के ग्राम तुरइयापर की बेटी अक्षरा घोड़ेसवार द्वारा कक्षा मप्र शिक्षा विभाग की 10 वी बोर्ड कक्षा में मप्र में सेकेंड टापर का सम्मान संस्था के प्रमुख डॉ.भीमराव य. आंबेडकर जी के हस्ते 4 मई को किया गया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि संस्था के राष्ट्रीय प्रमुख डॉ.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुंबई थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट द्वारा की गई। सामूहिक पूजा वंदना पूज्य भंते बी राहुल बोधि, चैत्यभूमि द्वारा की गई। प्रमुख अतिथियों में सुबचन रिटायर आयकर कमिश्नर एवं संस्था के सलाहकार मुंबई, कैप्टन प्रवीण निखाड़े अंतरराष्ट्रीय सचिव मुंबई, डॉ.एवं एडवोकेट जगदीश गवई अर्थात जयसेन बौद्ध, बी.एच. गायकवाड गुरुजी राष्ट्रीय सचिव एवं मप्र राज्य के पालक मंत्री, डॉ. चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक, गौतम पाटिल राष्ट्रीय संगठक भोपाल, सी.एल. बौद्ध राष्ट्रीय संगठक दतिया, इंजीनियर पद्माकर गणवीर राष्ट्रीय संगठक नागपुर, डॉ. एवं एसएसडी के लेफ्टिनेंट कर्नल वरिष्ठ केंद्रीय शिक्षक उत्तम प्रधान जी इंदौर, बी.सी.सहारे प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल, संतोष गवले प्रदेश उपाध्यक्ष बुरहानपुर, एड.रमेश लोखंडे प्रदेश सचिव छिंदवाड़ा, धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव बालाघाट, युवा साथी मंगेश वानखेडे अध्याश वंचित आघाड़ी नागपुर, भीमराव फूले विदर्भ अध्यक्ष बीएसआई नागपुर, महिला नेत्री वरिष्ठ समाजसेवी सुश्री रेशम भोयर नागपुर, महेश चौबे पूर्व प्रदेश सचिव महेश्वर जिला खरगोन आदि मंचासिन थे।

सर्वप्रथम डॉ.भीमराव साहब द्वारा फीता काटकर उद्घाटन पत्थर को जनमानस हेतु ओपन किया एवं बौद्ध विधि से विधिवत भूमिपूजन किया गया। विदित होवे की संस्था के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला,तहसील एवं अन्य शाखाओं पदाधिकारी तथा अन्य मिशनरी साथियों के दान से यह संस्था कार्यालय भवन निर्माण होने जा रहा हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.भिमराव जी द्वारा जिला बालाघाट की टीम को बधाई देते हुए शीघ्र ही भवन निर्माण करने हेतु एवं संस्था एवं समाज मिशनरी साथियों को इस पुनीत कार्य के लिए अधिक से अधिक दान देने हेतु आव्हान किया। मंच पर ही प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष गवले प्रदेश उपाध्यक्ष बुरहानपुर द्वारा 25,000 रुपये के दान की घोषणा की गई।

इस अवसर पर कु. अक्षरा घोड़ेसवार का सम्मान करते हुए जिला शाखा राशि 10,000/नगद, प्रशस्ति पत्र, एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। बच्ची के आगे शिक्षा हेतु जिला खरगौन महेश्वर तहसील मुख्यालय के महेश चौबे द्वारा लेपटॉप देने की। आर के कठाणे, देवानंद रंगारे, संजय मेश्राम महामंत्री खैरलांजी द्वारा प्रतिमाह 2500 एवं सहारा फोटो कापी के संचालक, आदिवासी गोवारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश सहारे द्वारा पढ़ाई हेतु जो भी सामग्री लगेगी वह निशुल्क देने की घोषणा की गई।

इस समारोह में उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण देने आई सभी केंद्रीय शिक्षिकाएं, बालाघाट, खैरलांजी, वारासिवनी, किरनापुर, हट्टा, लालबर्रा, आदि क्षेत्र से कार्यकर्ता शामिल रहे। सम्पूर्ण समारोह में बालाघाट से प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता डोंगरे प्रदेश, एसएसडी की डिवीजन ऑफिसर साधना ढेंगरे, उपाध्यक्ष प्रमिला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष, पूर्णिमा ताई गणवीर, नगर कोषाध्यक्ष सुषमा रावडे, नगर सचिव बालाघाट, दुरेंद सावनकर, आर डी बसोड़ सर, अभिराज मेश्राम सर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# 209 किसानों से 4115 क्विंटल चना की समर्थन मूल्य पर हुई खरीदी

जगप्रेरणा बालाघाट।

किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी की व्यवस्था की गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी के लिए गोदाम स्तर पर 08 केंद्र बनाये गए है। इन केंद्रो पर 05 मई तक 209 किसानों से 02 करोड 41 लाख 75 हजार रुपए का 4115 क्विंटल चना खरीदा जा चुका है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए जिले के 2609 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में चने की खरीदी 30 मार्च 2026 से प्रारंभ की गई है।

चने की खरीदी 5875 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। समर्थन मूल्य पर चना की खरीदी 28 मई 2026 तक की जाएगी। चना विक्रय के लिए पंजीयन कराने वाले किसान अंतिम तिथि 28 मई के 10 दिन पूर्व तक स्लॉट बुक कर सकते है।

# सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

## जिले के किसान 15 मई तक कर सकते हैं आवेदन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन (स्रूश्व) 'आत्मा' योजना के अंतर्गत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए जिले के प्रगतिशील कृषकों से सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।***

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित की गई है। उप संचालक सह परियोजना संचालक श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि ऐसे कृषक जो कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं, वे इस पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र आत्मा परियोजना के जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं। विकासखंड स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, रेशम एवं कृषि अभियांत्रिकी से संबंधित निर्धारित प्रारूप में आवेदन पूर्ण रूप से भरकर समय-सीमा में कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

पुरस्कार राशि के रूप में विकासखंड स्तर पर 10 हजार रुपए एवं जिला स्तर पर 25 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक कृषक अपने संबंधित विकासखंड के विकासखंड/सहायक तकनीकी प्रबंधक (आत्मा) से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने पात्र कृषकों से समय-सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0001.... ड - 154.... वर्ष 2027
मौजा मोहगांव प.ह.न. 05

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम मोहगांव तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक पारस आ. रंगलाल जाति गोंड निवासी ग्राम मोहगांव तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपने पिता रंगलाल पिता ईमरत की मृत्यु दिनांक 03-10-1961 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत मोहगांव में रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत मोहगांव में दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 20/5/2026 तक मेरे न्यायलय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 04/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा




# 08 एवं 09 मई को डाकघरों में आधार नामांकन एवं अपडेशन के लिए विशेष अभियान का आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***डाक विभाग द्वारा बालाघाट संभाग के डाकघरों में आधार सेवाओं को सुगम बनाने के उद्देश्य से 8 एवं 9 मई 2026 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में***

मोबाइल एवं ईमेल लिंक करने जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग द्वारा बताया गया है कि आधार नामांकन एवं अपडेशन के इस अभियान में शामिल होने के लिए 6 एवं 7 मई 2026 को संबंधित डाकघर आधार केंद्रों पर टोकन वितरित किए जाएंगे। निर्धारित तिथियों 8 एवं 9 मई को सभी आधार केंद्र प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक कार्य करेंगे, जबकि प्रधान डाकघरों में यह सेवा सायं 8:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इस विशेष अभियान के अंतर्गत बालाघाट संभाग के बालाघाट जिले में स्थित बालाघाट प्रधान डाकघर सहित भरवेली, मलाजखंड, लालबर्रा, उकवा, रामपायली, बैहर, लांजी, किरनापुर, तिरोड़ी, कटंगी एवं वारासिवनी उपडाकघरों में आधार पंजीयन एवं अपडेशन की सुविधा दी जाएगी।

डाक विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने नजदीकी डाकघर आधार केंद्र पर पहुंचकर इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अधीक्षक डाकघर, बालाघाट संभाग कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, दीपक यादव (पूर्व नाम: दीपक कुमार यादव), निवासी वार्ड नंबर 1, रजेगांव, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम 'दीपक कुमार यादव' दर्ज है, जबकि अब से मैं अपना नाम 'दीपक यादव' ही उपयोग करूंगा।

अतः भविष्य में मुझे 'दीपक यादव' के नाम से ही जाना और संबोधित किया जाए। मेरे दोनों नाम (दीपक कुमार यादव एवं दीपक यादव) एक ही व्यक्ति के नाम हैं।

दीपक यादव
स्थान: रजेगांव

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो। 9329033433






जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार

बुधवार 06 मई 2026





दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900




## रजनीश नकाशे को बनाया गया रामपायली संस्था 'मित्र मंडल' का अध्यक्ष, 49 वर्षों में संस्था ने रचा शिक्षा का स्वर्णिम इतिहास..

### नई कार्यकारिणी के साथ विकास की ओर बढ़ा कदम..



राजेश चौहान, जगप्रेरणा रामपायली।

***श्रीराम की नगरी रामपायली में शिक्षा, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी मित्र मंडल संस्था एक बार फिर सुर्खियों में है। वर्ष 1977 में स्थापित इस संस्था ने अपने 49 वर्षों के गौरवशाली सफर में न केवल समाज को दिशा दी,***

बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी एक मजबूत आधार खड़ा किया है। संस्था द्वारा लगाया गया छोटा सा ÷विद्यालय रूपी पौधा÷ आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है, जिसमें लगभग 500 से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राएं आज देश के विभिन्न हिस्सों में उच्च पदों पर आसीन होकर न केवल अपने नगर, बल्कि शिक्षण संस्था भारती हाईस्कूल का नाम भी गौरवान्वित कर रहे हैं। संस्था की यही निरंतर प्रगति और समर्पण इसे क्षेत्र की अग्रणी संस्थाओं में शामिल करता है। इसी क्रम में संस्था मित्र मंडल रामपायली द्वारा सत्र 2026-27 एवं 2027-28 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन संस्था के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। नई टीम के गठन के साथ ही संस्था ने विकास और नवाचार की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है।



### नवगठित कार्यकारिणी..

नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष रजनीश नकाशे, उपाध्यक्ष प्रमेश पाठक, सचिव अमित सिंह बैस, सह सचिव विजय राउत, कोषाध्यक्ष केवल शिवहरे, लेखाधिकारी रविशंकरदास वैष्णव, शाला व्यवस्थापक शैलेन्द्र सिंह बैस एवं कार्यकारिणी सदस्य के रुप में संदीप बाघमारे, सुबोध रूसिया, अविनाश कापसे, आलोक यादव को मनोनित किया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन से संस्था में उत्साह का माहौल है। सभी पदाधिकारियों ने संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया है।

स्थानीय नागरिकों और शिक्षाविदों का मानना है कि मित्र मंडल संस्था ने जिस तरह से वर्षों से शिक्षा का दीप जलाए रखा है, वह आने वाले समय में और भी प्रखर होगा। नई टीम के नेतृत्व में संस्था निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को छुएगी और रामपायली को शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक पहचान दिलाएगी। इस अवसर पर संस्था सदस्य रविन्द्र सिंह बैस रामकिशोर अग्रवाल मुकेश तिवारी राजेन्द्र सिंह चौहान प्रदिप स्वामी आदि अनेक मौजूद थे।

## नपा परिषद मे पूर्व मंत्री और नपा अध्यक्ष ने नागरिको की मुलभूत और व्यापक समस्याओ को गंभीरता से सुना..

### जनता दरबार मे दिख रही रौनक, आम जनमानस की समस्याओ का त्वरित मे हो रहा समाधान







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद के अभिनव प्रयोग जनता दरबाद के आज मंगलवार के दुसरे एपीसोड मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे ने विभिन्न वार्डो से आये नागरिको की मूलभूत से लेकर व्यापक समस्याओ के समाधान के विषय मे गंभीरता दिखायी।***

साथ ही अनेको अवसरो पर अधिकारीयो को नपा अधिनियम क्या कहता है जैसे आदेश भी प्रदान कर जनता की सुविधाओ को प्राथमिकता प्रदान की गयी।

सबसे पहले पिछ्ले मंगलवार के जनता दरबार मे लिखी गयी समस्याओ के सबंध मे समीक्षा की गयी। विशेष यह भी रहा की आज 12 बजे के पहले ही चार आवेदन नपा अध्यक्ष की टेबल पर सामने रखे हुये मिले। आज भी वार्ड तीन से पार्षद प्रतिनिधी समीर बिसेन ने वार्ड मे नाली की सफाई से लेकर सडक निर्माण के साथ प्लास्टिक कोटेड स्पीड ब्रेकर बनाने के विषय को सामने रखा।

जिसमे उन्हे वार्ड वासी समाधान का आश्वासन भी प्रदान किया गया। इसी तरह नयी चैपाटी की नाली की सफाई के साथ नाली चेंबर निर्माण के साथ पानी को आगे दूर तक व्यवस्थित रूप से पहुचाने की कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाया गया। इसी बीच शासकीय कालेज के पास शंकर नगर से पहुची महिलाओ की टीम ने बरसात के पूर्व पक्की सडक की मांग रखी। जिस पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक दिशा निर्देश उपयंत्री सुमीत मोटवानी को प्रदान किये गये।

साथ ही बार बार उठने वाले विषय आंबेडकर चैक के निकट मिटटी के बर्तन के व्यवसायी कुम्हार वर्ग को नयी जगह प्रदान करने के विषय मे निर्णय लिया गया। जिसमे दो जगहो का चयन भी किया गया। जिसमे कुम्हारो की सहमती को आवश्यक तय किया गया। इस विषय के समाधान के लिये पार्षद संदीप मिश्रा और मुख्य नपा अधिकारी को अधिक्रत भी किया गया।

आज जनता दरबार मे विभिन्न वार्डो मे गर्मी के मौसम मे पेयजल की दिक्कत को लेकर सबसे ज्यादा गंभीरता दिखायी गयी। जिसमे वार्ड नंबर 6 भी शामिल है।

दरबार मे जल प्रदाय शाखा, टेंकर और फायर बिग्रेड की टीम को तलब कर इस विषय पर पुख्ता कार्ययोजना तैयार की गयी। साथ ही सार्वजनिक नलो की टोटी का बार बार चोरी हो जाना, भवन निर्माण की अनुमती, वार्डो के लिये नये सर्वसुविधायुक्त रेडिमेड स्पीड ब्रेकर को बुलाना जैसे अनेको विषयो मे जनमानस की समस्याओ का लंबे समय तक समाधान किया गया।

जनता दरबार मे पार्षदगणो मे संदीप मिश्रा, पवन धूर्वे, मोनू लिमजे, प्रवीण डोगरे, धर्मू जोशी के साथ मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री सुमीत मोटवानी, वंशिका चैहान के साथ अन्य विभागीय प्रभारीयो का अमला सक्रिय भी नजर आया।

## संजीवनी 108 के डॉक्टर गौरीशंकर पटले ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### बेटियों ने किया अंतिम संस्कार नम आंखों से दी गई विदाई

### कटंगी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरू



जगप्रेरणा कटंगी (बालाघाट)।

***कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद कटंगी के वार्ड नंबर 12 निवासी डॉक्टर गौरी शंकर पटले उम्र करीब 45 वर्ष द्वारा 4 मेंई दिन सोमवार को सुबह 8:00 बजे अपने ही घर में घर***

के ऊपर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली श्री तक गौरी शंकर पटेल प्रतिदिन की तरह सुबह 5:00 बजे उठकर मॉर्निंग वॉक में जाकर वापस घर आए प्रतिदिन की तरह स्नान कर पूजा कर अपनी ड्यूटी जाने के लिए तैयार होने कमरे में चले गए और वहां आत्महत्या कर ली किंतु आत्महत्या की जानकारी लगते ही मोहल्ले वालों द्वारा दरवाजा तोड़कर उनको निकाला गया और करीब 9:00 बजे कटंगी सरकारी अस्पताल ले जाया गया 112 पुलिस गाड़ी की मदद से यहां पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया वही प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी पुलिस द्वारा मृतक डॉक्टर गौरीशंकर पटले का पोस्टमार्टम करने के बाद उसकी लाश को उसके परिजनों को सौप दिया गया वही कटंगी पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गौरी शंकर पारिवारिक तनाव में चल रहा था आज के 1 साल पहले वह अपने घर से अलग होकर परिवार सहित सेल्वा में भी रहता था पिछ्ले एक महीना पहले ही उसकी माता जी की तबीयत अधिक खराब होने के चलते वहां वापस अपने परिवार में रहने आ गया था मृतक की पत्नी श्रीमती पटले भी अपने पति के साथ घर पर ही डॉक्टरी की प्रैक्टिस करती थी काफी लोग उनके पास आया करते थे।



### मृतक का थाना प्रभारी ने किया था सम्मान

बात कि जाय मृतक डॉक्टर गौरीशंकर पटले ई एम टी संजीवनी 108 का पिछ्ले 2 महीने पहले बालाघाट जिले के रामपायली थाना प्रभारी दीपक गौतम द्वारा फूल माला पहनकर साल और नारियल देखकर सम्मान किया गया था सम्मान इस बात पर किया गया था उनके द्वारा समय पर घटनास्थल पर पहुंचकर एक्सीडेंट घटनाओं में घायल मरीजों को अस्पताल में लाया गया और उनकी जान बचाई गई।

### दूसरों को बचाने वाला आज कैसे हार गया होती रही चर्चा

मृतक डॉक्टर गौरी शंकर पटले काफी हंसमुख व्यवहार का व्यक्ति था जिसकी उम्र करीब 45 वर्ष थी संजीवनी 108 में डॉक्टर होने के चलते घटना स्थल पर तुरंत पहुंचकर लोगों को अस्पताल लाया जाता था उनके द्वारा लोगों की जान बचाई गई वही बात की जाए तो कई बार तो उनके द्वारा संजीवनी 108 में सुरक्षित महिलाओं का प्रसव भी कराया गया कोरोना कल में भी उनके द्वारा काफी अच्छी सेवा दी गई घटना के बाद दिनभर चर्चा होती रही इतना अच्छा होने के बाद सब कुछ अच्छा होने के बाद इस व्यक्ति ने फांसी क्यों लगाई आत्महत्या क्यों की चर्चा दिन भर चलती रही वही ज्ञात हो कि उनकी जो बेटियां है दोनों बेटियां पढ़ाई में बहुत अच्छी आगामी 13 तारीख को बड़ी बेटी का पायलट में चयन हुआ था जिसके चलते हो अपने पिता के साथ इंदौर भी जाने वाली थी।

## रसायनों के दुष्परिणामों से भूमि को बचाने केजीवीएस संस्था की पहल: गोरेघाट में किसानों को मिला प्राकृतिक खेती व गौ-पालन का प्रशिक्षण

### बालाघाट के पठार क्षेत्र में धान उत्पादक किसानों को मिली नई राह, कृषि लागत घटाने और आय दोगुनी करने पर जोर



जगप्रेरणा महकेपार।

***जिले के अंतिम छोर पर स्थित पठार क्षेत्र में लगातार गिरती कृषि आय और बंजर होती ज़मीन को बचाने के लिए एक नई क्रांति का आगाज़ हुआ है। ग्राम गोरेघाट में कोसुम्बा ग्राम विकास समिति (चतडूस) के तत्वावधान में कृषकों के लिए एक वृहद 'प्राकृतिक कृषि एवं गौ-पालन प्रशिक्षण'***

शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण शिविर में गोरेघाट के साथ-साथ समीपस्थ ग्राम कुड़वा, हेट्टी, संग्रामपुर और भोंडकी के सैकड़ों कृषक बंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी खेती के तरीकों में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

### रासायनिक खेती के संकट से उबारने की पहल

उल्लेखनीय है कि पठार क्षेत्र मुख्य रूप से धान उत्पादक बेल्ट है। पिछले कई दशकों से खेतों में रासायनिक खादों (यूरिया, डीएपी) और ज़हरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग के कारण भूमि की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति लगभग समाप्त होने की कगार पर है। किसानों के समक्ष आज सबसे बड़ा संकट यह है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल से होने वाली आय उस लागत के बराबर ही सिमट कर रह गई है, जिससे किसान कर्ज और हताशा के चक्र में फँस रहे हैं। किसानों की इस गंभीर पीड़ा पर संज्ञान लेते हुए कोसुम्बा ग्राम विकास समिति (चतडूस) ने उन्हें पुनः अपनी जड़ों की ओर लौटाते हुए प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर करने का बीड़ा उठाया है। इसी उद्देश्य के साथ ग्राम गोरेघाट से इस व्यापक जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई।

### कृषि विभाग (आत्मा) व समिति पदाधिकारियों ने किया मार्गदर्शन व आयोजन

इस एक-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में केजीवीएस (चतडूस) संस्था के अध्यक्ष श्री युवराज मूर्खे, उपाध्यक्ष श्री जैपाल पुष्पतोड़े, सचिव श्री हरीश खोब्रागडे, कोषाध्यक्ष श्री बसंत परिहार और सहसचिव श्री प्रतिक खोब्रागडे की सक्रिय व मार्गदर्शक भूमिका रही। कार्यक्रम के आयोजन में सहयोगी नंदूभाऊ (सरपंच प्रतिनिधि) विनोद पाने (उपसरपंच) रमन बिठले (पूर्व सरपंच) महेंद्र राउत, अनिल वैद्य, मदनलाल बेलखेड़े, सुशील उचबगले, रवि मंडलेकर. कार्यक्रम में विशेष रूप से कृषि विभाग (आत्मा) की ओर से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षक श्री राजेश परिहार और आयुषी उइके ने उपस्थित किसानों को उन्नत, वैज्ञानिक और पूरी तरह से प्राकृतिक तरीके से खेती करने के गुर सिखाए।

### प्रशिक्षण के मुख्य आकर्षण और अहम बिंदुः

विशेषज्ञों द्वारा किसानों को मुख्य रूप से तीन महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक और सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गयाः 1. प्राकृतिक खेती के मूल सिद्धांतः किसानों को बताया गया कि कैसे रसायन हमारी मिट्टी के मित्र कीटों (जैसे केंचुए) को मार रहे हैं।

मिट्टी में सूक्ष्म पोषक तत्वों को पुनर्जीवित करने की प्राकृतिक तकनीक, जीवाणुओं के संरक्षण और 'फसल चक्र' के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। 2. देसी गौ-वंश का महत्व और पशुपालनः प्राकृतिक खेती का आधार ही गाय है। इस सत्र में उन्नत स्वदेशी नस्लों जैसे- साहीवाल, गिर और थारपारकर की विशेषताओं पर चर्चा की गई। किसानों को समझाया गया कि इन नस्लों की रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है और इनके गोबर व गौ-मूत्र से सर्वोत्तम खाद तैयार होती है। स्थानीय जलवायु के अनुसार सही नस्ल के चुनाव की वैज्ञानिक जानकारी भी साझा की गई।

3. बाज़ार से मुक्तिः स्वयं का जैविक खाद व कीटनाशक निर्माणः यह सत्र किसानों के लिए सबसे अधिक लाभकारी रहा। किसानों को बाज़ार पर निर्भरता खत्म करने और ÷शून्य लागत खेती÷ के लिए घर पर ही संसाधन जुटाने के तरीके सिखाए गए। इनमें प्रमुख रूप से बीजोपचार, जीवामृत, आच्छादन (मल्चिंग), वाफसा (नमी प्रबंधन), घन जीवामृत, नीम तेल, नीमास्त्र और अग्नि अस्त्र बनाने की प्रायोगिक विधि सिखाई गई। इसके अलावा केंचुओं की मदद से वर्मीकम्पोस्ट और नाडेप खाद तैयार करने का आसान और वैज्ञानिक तरीका भी बताया गया।

### समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान

कार्यक्रम के दौरान एक खुला संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जहाँ कृषि व पशुपालन से संबंधित किसानों की रोज़मर्रा की जमीनी समस्याओं पर चर्चा कर उनका मौके पर ही निदान किया गया। इसके अतिरिक्त, किसानों को शासन की विभिन्न लाभकारी कृषि और पशुपालन योजनाओं (जैसे अनुदान, बीमा, आदि) से भी अवगत कराया गया ताकि वे इनका सीधा लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

कोसुम्बा ग्राम विकास समिति (चतडूस संस्था) के इस निःस्वार्थ और दूरगामी प्रयास की पूरे ग्रामीण अंचल में भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है।

किसानों ने अब ज़हरीली खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपनाने और अपनी मिट्टी को बचाने का मन बना रहे है।

## थाना रामपायली पुलिस की कार्रवाई, पिछले कई वर्षो से फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया गया..



जगप्रेरणा रामपायली।

***जिला बालाघाट में लम्बे समय से फरार वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से धरपकड़ कार्यवाही की जाती रही है । इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना रामपायली पुलिस द्वारा विशेष अभियान***

चलाकर पिछले कई वर्षो से फरार 03 स्थाई वारंटियों को हैदराबाद एवं नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया गया है। इन फरार वारंटियों पर अपहरण, बलात्कार, पॉक्सो, अवैध शराब बिक्री एवं मारपीट के अपराध पंजीबंद्ध थे, जो माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित ना होकर लम्बे समय से फरार चल रहे थे। जिन्हें थाना रामपायली पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण क्र. 38/2018, धारा 363, 366, 376 भादवि एवं 5, 6 पॉक्सो एक्ट, अंकल उर्फशिवशंकर लिल्हारे, निवासी लगभग 04 वर्ष से फरार ग्राम बिटोड़ी, रामपायली, लगभग 04 वर्ष से फरार है।

प्रकरण क्र. 240/2021, धारा 34(2) आबकारी एक्ट अंकल उर्फ शिवशंकर लिल्हारे, निवासी लगभग 03 वर्ष से फरार ग्राम बिटोड़ी, रामपायली, लगभग 04 वर्ष से फरार है। प्रकरण क्र. 240/2021 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट, महेन्द्र लिल्हारे, निवासी ग्राम बिटोड़ी, रामपायली, लगभग 03 वर्ष से फरार है। प्रकरण क्र. 644962/2016, धारा 294, 323, 506 भादवि, जकुमार हनवत, निवासी ग्राम कटंगी थाना रामपायली लगभग 08 वर्ष से फरार है।

सराहनीय भूमिका :- फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी रामपायली उनि. धर्मराज बघेल, प्रआर. शैलेन्द्र कुमार सैय्याम, आर. आलोक बिसेन, आर. श्यामसिंह, आर. अंकित राजपूत, आर. जयभगत, आर. राजेश सोनी, महिला आर. रिशिका यादव की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

***बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।***






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

रवि अजीत किरनापुर

मो. 6261142145



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

# शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के मूलमंत्र के साथ हुआ समर कैंप का समापन

जगप्रेरणा लांजी।

***सरस्वती शिशु मंदिर लांजी में 1 मई से चल रहे निशुल्क समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। नृत्य, स्पोकन इंग्लिश और विज्ञान प्रयोग के जरिए बच्चों ने मंच पर कमाल दिखाया।***





5 मई 2026 को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बारेलाल बड़घैया (अध्यक्ष, कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति), विजय रामटेक्कर (सचिव एवं खंड संघ चालक), छबिलाल मरठे (कोषाध्यक्ष), श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर (सहसचिव), योगेश रामटेक्कर, कमलेश साहू सहित प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी और प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने मंचासीन रहे।

अतिथियों ने मां भारती और मां सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। तत्पश्चात वरिष्ठ आचार्य त्र्यंबक भगत ने पांच दिवसीय समर कैंप की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## बच्चों का दमदार प्रदर्शन..

कार्यक्रम में खास आकर्षण रहे बच्चों की प्रस्तुतियां। कुमारी किंजल सातपुते, कुमारी अवनी सातपुते और कुमारी माधवी टेम्भरे ने बेहद सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कुमारी खुशी भालाधारे ने स्पोकन इंग्लिश में आत्म-परिचय दिया, वहीं लावण्या चन्ने ने 'जादू नहीं विज्ञान' विषय पर रोचक प्रयोग कर दिखाया।

## अतिथियों का मार्गदर्शन..

योगेश रामटेक्कर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, 'शिविर में आपको विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया है। इसे घर पर भी अभ्यास करें और परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें। मोबाइल और टीवी से दूरी बनाएं, खेलों को जीवन में महत्व दें। समरसता और सेवा भाव हमेशा बनाए रखें।'

श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर दीदी ने बताया कि सरस्वती विद्यालय में पहली बार समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों ने इसमें भरपूर आनंद लिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास के लिए ऐसे शिविर बहुत जरूरी हैं। प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न विद्यालयों से बच्चे शामिल हुए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## 2.51 लाख का दिया दान..

कार्यक्रम में कमलेश साहू (जिला सचिव, विद्या भारती सरस्वती जनजाति संस्कार केंद्र बालाघाट) ने अपने माता-पिता खुशीयाल साहू और कमला साहू की ओर से सरस्वती विद्यालय में एक कमरा निर्माण के लिए 2 लाख 51 हजार रुपये का चेक कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी को प्रदान किया। इस उदार योगदान के लिए समिति और आचार्य परिवार ने साहू परिवार को हार्दिक बधाई दी। अंत में सभी अतिथियों, बच्चों और अभिभावकों को स्वल्पाहार कराया गया।समर कैंप में आचार्य परिवार, समिति सदस्यों और बच्चों का उत्साहपूर्ण सहयोग रहा।

# आंधी तूफान के साथ हुई बूंदाबांदी, मौसम में आई ठंडक, रबी की फसल लगाने वाले किसान चिंतित

जगप्रेरणा लांजी।

***पिछले कई दिनों से पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी के बीच मंगलवार को मौसम ने राहत भरा मोड़ लिया। दिनभर बादलों की आवाजाही और शाम को चली आंधी-हल्की बारिश ने तापमान में गिरावट***







लाते हुए लोगों को बड़ी राहत दी, जिससे पूरे क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया। पिछले दिनों की तुलना में तापमान में गिरावट दर्ज की गई और आसमान में रुक.रुक कर बादल छाए रहे। दोपहर के समय भी तेज धूप का असर कम रहा, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। शाम करीब 5 बजे के आसपास अचानक मौसम ने करवट ली और 10 से 15 मिनट तक आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश हुई।

तेज हवाओं और बूंदाबांदी ने वातावरण को ठंडा कर दिया, जिससे दिनभर की उमस और गर्मी से राहत मिली। हालांकि इस दौरान लगभग दो घंटे से अधिक समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही, लेकिन मौसम ठंडा होने के कारण लोगों को इससे ज्यादा परेशानी नहीं हुई। कुल मिलाकर, मंगलवार का दिन लांजी के लोगों के लिए राहत लेकर आया, जहां भीषण गर्मी के बीच मौसम का यह बदलाव किसी वरदान से कम नहीं रहा।

## पिछले सप्ताह के बढ़े तापमान से आज मिली राहत..

बीते एक सप्ताह में लांजी में भीषण गर्मी का असर साफ देखने को मिला। अधिकतम तापमान 40 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 26 से 29 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया। दोपहर के समय लू के थपेड़ों के चलते बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान में करीब 3 से 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। बादलों और ठंडी हवाओं के कारण मौसम अपेक्षाकृत सुहावना बना रहा, जिससे आमजन ने राहत महसूस की।

## अगले दो-तीन दिनों तक ठंडा रहेगा मौसम..

मौसम विभाग के अनुसार आगामी 2-3 दिनों तक क्षेत्र में आंशिक बादल छाए रहने और कहीं-कहीं हल्की बारिश या गरज-चमक की संभावना है। हालांकि इसके बाद फिर से तापमान में वृद्धि हो सकती है और मई के मध्य तक गर्मी के तेवर दोबारा तेज होने के संकेत हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह बदलाव प्री-मानसून गतिविधियों का हिस्सा है, जो अस्थायी राहत तो देती हैं, लेकिन लंबे समय तक तापमान को नियंत्रित नहीं रख पातीं।

## किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें..

वहीं दूसरी तरफ रबी की धान फसल को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरे साफ दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है की अगर मौसम का मिजाज कुछ इस तरह का ही रहा तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने कहा की विगत दस दिनों के भीतर मौसम ने दो बार करवट बदली है जिससे क्षेत्र में रबी धान की खड़ी फसल खेतों में पसर गई जिसे काटने में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं। उनका कहना है कि लगातार इसी तरह आंधी तूफान का सिलसिला जारी रहा तो उनकी खड़ी फसल खराब हो सकती है।

# देवलगांव में डेंगू, मलेरिया के नियंत्रण हेतु स्वास्थ जागरूकता अभियान..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में बढ़ते डेंगू, मलेरिया एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से ग्राम पंचायत देवलगांव में मंगलवार 5 मई को व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।***





यह कार्यक्रम यशपाल स्वास्थ्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान, बालाघाट द्वारा आयोजित किया गया।

संस्था के अध्यक्ष एवं संचालक डॉ. टी.पी. टेम्भरे ने जानकारी देते हुए बताया कि 'वेक्टर बॉर्न डिजीज प्रिवेंशन प्रोग्राम' के अंतर्गत 'स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 'हमारी दिशा- हमारा कदम' स्वायत्व शासी संस्थान नई दिल्ली का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पूरे बालाघाट जिले में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य सहायक रोगों के प्रति जनजागरूकता फैलाने के साथ-साथ रोकथाम के प्रभावी उपाय किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्राम देवलगांव के विभिन्न वार्डों में मलेरिया एवं डेंगू से बचाव हेतु विशेष छिड़काव (स्प्रे) अभियान चलाया गया। नालियों, जलभराव वाले स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में दवाइयों का छिड़काव कर मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवलगांव के सरपंच श्रीमती पुष्पा ठाकरे, कमलकिशोर ठाकुर, भरतलाल टेभंरे, शुभंम भालाधरे, छोटेलाल सोनवाने, बालक मेश्राम, सिताराम नेवारे, सदाराम वाहने, यशोबा हरिनखेड़े सहित ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। उपस्थित जनों को साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि यदि सभी लोग मिलकर स्वच्छता और सावधानी बरतें, तो डेंगू एवं मलेरिया जैसे गंभीर रोगों से बचाव संभव है।

# बोलेगांव में आज पूर्व मंत्री दिलीप भटेरे की 19 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के पूर्व विधायक व मप्र शासन के पूर्व कैबिनेट राजस्व मंत्री स्व.दिलीप भटेरे जी का उन्नीसवां पूण्य स्मरण पर श्रद्धांजली कार्यक्रम आज 6 मई को दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक स्व. भटेरे स्मृति स्थल बोलेगांव में आयोजित किया गया है।***





प्रति वर्ष भटेरे परिवार के द्वारा संगीतमय धार्मिक आयोजन करवाया जाता है। परिवार के द्वारा आज 6 मई को दोपहर 3 बजे से उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

## पूर्व विधायक रमेश भटेरे सहित भटेरे परिवार ने की अपील..

ग्राम बोलेगांव में स्व. दिलीप भटेरे स्मृति स्थल पर आयोजित उन्नीसवां श्रृद्धा पुण्य स्मरण कार्यक्रम में पूर्व विधायक रमेश भटेरे, ऋषिका भटेरे एवं श्रृद्धानवत भटेरे परिवार गंभा. धारेश्वरी दिलीप भटेरे, जागेश जयंती भटेरे (भ्राता), प्रेमलता योगेश कश्यप, नेहा दिनेश वर्मा, राजेश साधना भटेरे, राकेश प्रिया भटेरे, सुमीत, रूचा भटेरे, शिवानी, प्रियांशी, श्रीयांशी, प्राची, प्रज्ञा, राशि, सिद्धी, समृद्धि, ओजल, कार्तिकेय, रोहिताक्ष एवं समस्त भटेरे परिवार के द्वारा समस्त क्षेत्र वासियों से पूज्य बाबूजी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रृद्धा सुमन अर्पित करने हेतु आंमत्रित किया है।

# किरनापुर के बेनेगाँव मे तेज आँधी के साथ हुई ओलावृष्टि..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेनेगाँव और आसपास के इलाकों में आज मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। दोपहर के बाद चली तेज आँधी और तूफान के साथ हुई जबरदस्त ओलावृष्टि ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।***



अचानक बदला मौसमः चिलचिलाती गर्मी के बीच अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते धूल भरी आँधी शुरू हो गई।

**ओलावृष्टि की तीव्रताः** आँधी के साथ ही ओले गिरे, ओलों की मार इतनी तेज थी कि लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने को मजबूर हो गए।

**नुकसान का अंदेशाः** तेज हवाओं के कारण ओलावृष्टि से क्षेत्र की फसलों और सब्जियों की खेती को भी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। बेनेगाँव के निवासियों का कहना है कि तूफान अचानक आ गया और ओलावृष्टि होने लगी।

# श्रमयोगी मानधन योजना व श्रम कानूनों की जानकारी हेतु जिले में ग्राम सभाओं/शिविरों का आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना एवं श्रम अधिनियमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम सभाओं, शिविरों एवं वार्ड सभाओं का नियमित आयोजन किया जा रहा है।***

जिला श्रम पदाधिकारी श्री मयंक दीक्षित ने बताया कि इन सभाओं और शिविरों के माध्यम से श्रम विभाग से संबंधित आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है, जिससे अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के साथ-साथ श्रम अधिनियमों के महत्वपूर्ण प्रावधानों जैसे न्यूनतम वेतन, बाल श्रम निषेध एवं बंधुआ श्रम उन्मूलन की जानकारी सरल एवं स्पष्ट रूप में दी जा रही है।

जिला श्रम पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने ग्राम एवं वार्ड में आयोजित सभाओं और शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन की योजनाओं एवं श्रम कानूनों की जानकारी प्राप्त करें तथा उनका लाभ उठाएं।

# बालाघाट की बेटियों का राष्ट्रीय मंच पर परचम, वैज्ञानिक प्रदर्शनी में शानदार सफलता..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा गुंजन बोपचे और यामिनी ठाकुर ने***





विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देशभर में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित **(STEM)** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 8 से 10 अप्रैल 2026 तक केंद्रीय विद्यालय गणेशखंड पुणे में राष्ट्रीय स्तर की बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रतिष्ठित आयोजन में केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 क्षेत्रीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस राष्ट्रीय मंच पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट की छात्रा गुंजन बोपचे ने क्लस्टर, क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर तक अपनी जगह बनाई।

सेमिनार इवेंट में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित पूरे जिले को गौरवान्वित किया। वहीं, छात्रा यामिनी ठाकुर ने 'सस्टेनेबल एग्रीकल्चर' विषय पर आधारित अपना नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किया। उनके मॉडल ने पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक कृषि के क्षेत्र में नई संभावनाओं को उजागर किया। उन्होंने भी क्लस्टर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित करती हैं। यह सफलता दर्शाती है कि बालाघाट जैसे क्षेत्र के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में सक्षम हैं और भविष्य में भी ऐसे ही नए आयाम स्थापित करते रहेंगे।





# आईटीए ने परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने के लिए विनेश को नोटिस भेजा..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***पहलवान विनेश फोगाट को अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने 18 दिसंबर 2025 को प्रतियोगिता से इतर हुए डोपिंग परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने के मामले में नोटिस भेजा है। पिछले 12 महीनों में यह पहली बार है***



जब उन्होंने रहने के स्थान संबंधी नियम का उल्लंघन किया है। चार मई 2026 को भेजे गए पत्र में आईटीए ने विनेश को बताया कि 19 जनवरी 2026 को उनके द्वारा दी गई सफाई की समीक्षा करने के बाद छूटे हुए परीक्षण को औपचारिक रूप से रिकॉर्ड कर लिया गया है। इस नोटिस में पांच जनवरी 2026 को भेजे गए एक पिछले पत्र का भी जिक्र है जिसमें परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने की बात उठाई गई थी और विनेश से इस पर जवाब मांगा गया था।

यह नोटिस डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता लेकिन यह रहने के स्थान संबंधी नियम के तहत एक चेतावनी के तौर पर दिया जाता है। इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी हर समय अचानक होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें। यूनाइटेड विश्व रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) और विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार एक साल के भीतर तीन बार परीक्षण के लिए मौजूद नहीं रहने और/या अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में चूक होने पर इसे डोपिंग रोधी नियमों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसा होने पर खिलाड़ी पर दो साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। आईटीए ने बताया कि यह घटना 18 दिसंबर 2025 को हुई थी। उस दिन एक डोपिंग नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) विनेश के लिए तय किए गए 60 मिनट के परीक्षण समय के दौरान उन्हें उनके बताए गए स्थान पर नहीं ढूंढ पाया था। डोपिंग रोधी नियमों के तहत 'पंजीकृत परीक्षण पूल' (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को हर दिन सुबह छह बजे से रात 11 बजे के बीच एक घंटे का ऐसा समय बताना होता है जिस दौरान वे बिना किसी पूर्व सूचना के होने वाले डोपिंग परीक्षण के लिए उपलब्ध रहें। आईटीए ने हालांकि माना कि उस दिन विनेश हरियाणा विधानसभा के पहले शीतकालीन सत्र में हिस्सा ले रही थीं।

वह बेंगलुरु से चंडीगढ़ गई थीं जिससे उनका नियमित रूटीन बिगड़ गया था। एजेंसी ने यह भी ध्यान में रखा कि हाल ही में उनके घर बच्चा हुआ था जिससे उनकी निजी जिम्मेदारियां और बढ़ गई थीं। परीक्षण के दौरान विनेश ने कथित तौर पर पूरा सहयोग किया और डीसीओ को बताया कि वह बैठकों के सिलसिले में चंडीगढ़ में मौजूद हैं।

हालांकि आईटीए ने यह फैसला दिया कि अपना कार्यक्रम बदलने के बावजूद विनेश समय पर अपने रहने के स्थान को अपडेट करने में नाकाम रहीं। इसमें बताया गया कि खिलाड़ियों को किसी भी बदलाव के बाद 'जितनी जल्दी हो सके' अपनी जानकारी अपडेट करनी होती है और किसी भी हाल में तय 60 मिनट के समय से पहले।

एजेंसी ने कहा कि विनेश ने 18 दिसंबर को या उससे पहले अपने स्थान को बदलने के लिए एसएमएस, ईमेल या मोबाइल ऐप जैसे दूसरे तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया। नोटिस में कहा गया, 'ऊपर बताई गई बातों को देखते हुए आईटीए का मानना है कि आप यह साबित नहीं कर पाईं कि आपकी तरफ से इस चूक में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं हुई या इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं थी।' आखिर में यह फैसला सुनाया गया कि इस छूटे हुए परीक्षण को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। आईटीए ने साफ किया कि 12 महीने के अंदर विनेश के साथ स्थान की जानकारी नहीं देने का यह पहला मामला है। विनेश को चार मई से सात दिन का समय दिया गया है कि अगर उन्हें लगता है कि यह परीक्षण उनकी लापरवाही की वजह से नहीं छूटा था तो वह इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर सकती हैं। अगर वह ऐसा नहीं करतीं तो यह फैसला आखिरी माना जाएगा।

यह घटनाक्रम विनेश के उस ऐलान के कुछ महीनों बाद सामने आया है जिसमें उन्होंने दिसंबर 2025 में प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी की बात कही थी। इससे पहले 2024 पेरिस ओलंपिक के बाद उन्होंने संन्यास ले लिया था। पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में अधिक वजन होने की वजह से उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने आरटीपी में दोबारा पंजीकरण करवाया। यह एक ऐसा ग्रुप है जो खास तौर पर उन बेहतरीन खिलाड़ियों के लिए बनाया गया है जिन्हें प्रतियोगिता से बाहर भी सख्त डोपिंग परीक्षण से गुजरना पड़ता है।

गोंडा में होने वाला नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट विनेश की वापसी का पहला टूर्नामेंट है। उन्होंने डब्ल्यूएफआई पर आरोप लगाया था कि वह उन्हें इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने से रोक रहा है। बाद में उन्हें यह भी डर सताने लगा था कि कहीं रेफरी उनके साथ भेदभाव नहीं करें। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने इस ओलंपियन को सुरक्षा और मुकाबले में हिस्सा लेने का पूरा-पूरा मौका देने का भरोसा दिलाया। आईटीए वह संस्था है जो ओलंपिक और दुनिया की दूसरी बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का संचालन करती है। लुसाने में स्थित आईटीए लगभग 50 अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों के डोपिंग रोधी कार्यक्रमों का भी संचालन करती है।

# मिसाइल स्ट्राइक में फंसी अमीषा पटेल, दुबई में होने वाली थी लैंडिंग लेकिन डाइवर्ट की गई फ्लाइट, अब बोलीं- ये युद्ध कब रुकेगा?

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी एक बेहद तनावपूर्ण आपबीती साझा की है। न्यूयॉर्क से मुंबई की यात्रा कर रही अमीषा उस समय बड़ी मुसीबत में फंस गईं,***



जब संयुक्त अरब अमीरात (UAE) पर हुए हालिया मिसाइल हमलों के कारण उनके विमान का मार्ग बदल दिया गया। अमीषा ने बताया कि कैसे युद्ध जैसी स्थितियों के कारण उन्हें और उनके साथ सफर कर रहे यात्रियों को घंटों तक अनिश्चितता के साए में गुजारने पड़े।

## मिसाइल अटैक के कारण बीच हवा में बदला गया रास्ता..

अमीषा पटेल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि वह एमिरेट्स एयरलाइंस से न्यूयॉर्क से मुंबई लौट रही थीं।

जब उनका विमान दुबई में उतरने वाला था, तभी अचानक यूएई के हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया। इसका कारण वहां हुए ताजा मिसाइल हमले थे। सुरक्षा कारणों से विमान को तुरंत मस्कट की ओर डायवर्ट कर दिया गया। अभिनेत्री ने अपनी पोस्ट में चिंता व्यक्त करते हुए लिखा, 'न्यूयॉर्क से मुंबई वापस आते हुए एमिरेट्स की फ्लाइट में जब हम दुबई में लैंड करने ही वाले थे तभी नए मिसाइल हमलों की वजह से UAE का एयरस्पेस बंद कर दिया गया, अब हमारी फ्लाइट को मस्कट की तरफ मोड़ दिया गया है और हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं, यह जंग आखिर कब खत्म होगी, प्रार्थना कर रहा हूं।'

## दुबई एयरपोर्ट पर घंटों का इंतजार और थकान..

मस्कट में कुछ समय रुकने के बाद अमीषा आखिर दुबई एयरपोर्ट पहुंचीं, लेकिन वहां भी उनकी मुश्किलें कम नहीं हुईं। उन्होंने मंगलवार सुबह एयरपोर्ट के भीतर से तस्वीरें साझा कीं, जिसमें उनकी थकान साफ नजर आ रही थी। अमीषा ने बताया कि न्यूयॉर्क से निकले हुए उन्हें 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका था,

लेकिन वह अभी भी मुंबई पहुंचने के लिए इंतजार कर रही थीं। उन्होंने अपनी टीम के साथ लाउंज में बैठे हुए एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि एयरपोर्ट पर बिताया जा रहा यह समय अंतहीन लग रहा है।

## ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ा तनाव..

अमीषा पटेल जिस संकट में फंसीं उसके पीछे क्षेत्र में बढ़ता भीषण सैन्य तनाव है। एक अमेरिकी एडमिरल के अनुसार अमेरिका ने ईरान द्वारा दागे गए कई मिसाइलों और ड्रोनों को मार गिराया है। यह स्थिति तब और गंभीर हो गई जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रोजेक्ट फ्रीडम की घोषणा की, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही को सुरक्षित बनाना है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने भी पुष्टि की है कि उनके वायु रक्षा तंत्र ने बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट किया है।

# 13 साल तक देश की सेवा करने वाला मेजर, फिर बना एक्टर, कहलाए टैलेंट का खजाना, महामारी ने ली जान..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***फिल्मी दुनिया में ऐसे कई कलाकारों की कमी नहीं है, जिन्होंने एक्टिंग इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले अन्य फील्ड में काम किया। कोई बिजनेसमैन तो कोई इंजीनियर रहा, लेकिन फिर इन्हें एक्टिंग का चस्का लगा और इन्होंने एक्टिंग की दुनिया का रुख कर लिया।***



इन्हीं अभिनेताओं में से एक थे बिक्रमजीत कंवरपाल, जो कभी भारतीय सेना में मेजर के पद पर कार्यरत रहे और सियाचिन ग्लेशियर में फौलाद की तरह डटे रहे। शौर्य उनकी रगों में बहता था। लेकिन, फिर बिक्रमजीत कंवरपाल को एक्टर बनने का शौक चढ़ा और फिर आर्मी से रिटायरमेंट के बाद उन्होंने अभिनय का रुख कर लिया।

## पिता थे सम्मानित अधिकारी..

एक्टर बिक्रमजीत कंवरपाल हिमाचल प्रदेश के सोलन से थे। उनके पिता का नाम बिक्रमजीत के पिता मेजर द्वारका नाथ कंवरपाल था, जो खुद भी भारतीय सेना के एक सम्मानित अधिकारी और 'कीर्ति चक्र' विजेता थे, जिसके चलते उनकी परवरिश भी आर्मी की छावनियों में हुआ। एक स्ट्रिक्ट माहौल में रहने के चलते उनके लिए अनुशासन एक लाइफस्टाइल बन चुकी थी। उन्होंने देश के सबसे प्रतिष्ठित स्कूलों में से एक लॉरेंस स्कूल, सनवार से पढ़ाई की और इसी दौरान उनके मन में अभिनय का ख्याल आने लगा। वह अक्सर स्कूल के नाटकों में भाग लेते थे, लेकिन जब करियर की बात आई तो पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए भारतीय सेना के 'हॉडसन्स हॉर्स' (आर्मर्ड कॉर्प्स) में कमीशन प्राप्त किया।

## 34 की उम्र में पूरा किया एक्टर बनने का सपना..

बिक्रमजीत कंवरपाल ने दुनिया के सबसे खतरनाक युद्धक्षेत्रों में से एक सियाचिन ग्लेशियर में भी अपनी सेवाएं दीं, जहां उन्हें फौलादी आत्मविश्वास दिया, जिसके दम पर उन्होंने मायानगरी मुंबई की रुख किया और सभी संघर्षों का सामना करते हुए अपना एक्टर बनने का सपना पूरा किया। 13 साल तक इंडियन आर्मी में सेवा देने के बाद उन्होंने 34 की उम्र में पहली बार कैमरा फेस किया। पहली बार उन्होंने पूजा भट्ट की 'पाप' (2003) में काम करने का मौका मिला और फिर उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## कभी एक्टिंग सीखने की जरूरत नहीं पड़ी..

बिक्रमजीत कंवरपाल उन गिने-चुने अभिनेताओं में से थे, जिन्हें कभी अभिनय सीखने की जरूरत नहीं पड़ी। अभिनय उन्हें भगवान से उपहार के तौर पर मिली थी, तभी तो कॉर्पोरेट में सीनियर वीपी', 'रॉकेट सिंह' में खड़ूस बॉस और मर्डर 2 में 'कमिश्नर' जैसे अलग-अलग किरदार उन्होंने बिना किसी एक्टिंग कोर्स के निभा डाले। फिल्मों के साथ ही उन्होंने ओटीटी और टीवी की दुनिया में भी काम किया। स्पेशल ऑप्स, योर ऑनर, अदालत, 24 और भौकाल जैसी सीरीज में उन्होंने अपने अभिनय से सबको हैरान कर दिया।

# रोहित चोट से जल्दी उबर जाते तो मुंबई की स्थिति इस समय बेहतर होती: हरभजन..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि अगर पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से जल्दी उबर जाते तो मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की बेहतर स्थिति में होती।***



रोहित ने चोट से उबरने के बाद सोमवार को यहां वापसी की और 84 रन की तूफानी पारी खेली। इससे उनकी टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 229 रन का लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित 12 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण बाहर हो गए थे और इसके बाद पांच मैचों में नहीं खेल पाए थे।

हरभजन ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मैदान पर रहना महत्वपूर्ण होता है। डगआउट में बैठे रहने से आप ज्यादा कुछ नहीं कर सकते। लेकिन मैदान पर रहकर आप अंतर पैदा कर सकते हैं और रोहित शर्मा ने यही किया।'

उन्होंने कहा, 'बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए मजबूत नींव की जरूरत होती है और उन्होंने न सिर्फ अच्छी नींव रखी बल्कि उसे आगे भी बढाया। अगर उन्होंने शतक बना लिया होता तो और भी अच्छा होता, लेकिन जितने समय तक वह क्रीज पर रहे, उन्होंने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया।' हरभजन ने कहा, 'काश उनकी चोट थोड़ी जल्दी ठीक हो जाती। कौन जानता है, जब उनकी टीम लगातार हार रही थी तो हो सकता था कि वह एक-दो मैच जीत लेते और प्रतियोगिता में बने रहते।' इसी बीच भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि एलएसजी को लगातार अच्छा प्रदर्शन नही कर पाने की कीमत चुकानी पड़ी।

शास्त्री ने कहा, 'एलएसजी की समस्या यह है कि जब उसकी गेंदबाजी अच्छी चलती है, तो बल्लेबाज उनका साथ नहीं देते और जब बल्लेबाज रन बनाते हैं, तो गेंदबाज जमकर रन लुटाते हैं। उनके प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है।'

# बाबर आजम को मिलेगा एक और जीवनदान! PSL में दो सेंचुरी लगाकर जताई दिली ख्वाहिश..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

बाबर आजम को नया जीवन मिलने की उम्मीद जागी है। इंटरनेशनल क्रिकेट में तो बाबर का बल्ला पूरी तरह से खामोश है, लेकिन हाल ही में पीएसएल के दौरान उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी की और दो शतक ठोक दिए। इसके बाद उनकी उम्मीदें एक बार फिर से बढ़ना शुरू हो गई हैं। अब उन्होंने अपनी दिली ख्वाहिश जाहिर की है। वे फिर से पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट में खेलना चाहते हैं। फिलहाल तो पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने जा रही है, जिसमें बाबर आजम भी नजर आएंगे।



## बाबर आजम की कप्तानी में पेशावर जाल्मी ने जीता पीएसएल का खिताब..

पाकिस्तान सुपर लीग में बाबर आजम टीम की कप्तानी कर रहे थे। वे फाइनल में शून्य पर आउट हुए, लेकिन इसके बाद भी टीम ने खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने टूर्नामेंट के दौरान दो शतक लगाए। वैसे तो बाबर आजम एक वक्त पर पाकिस्तान के लिए तीनों फॉर्मेट खेल रहे थे। वे कप्तानी भी कर रहे थे, लेकिन धीरे धीरे ना केवल उनसे कप्तानी ले ली गई, बल्कि टीम से भी बाहर होते चले गए।

## टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तानी टीम से भी बाहर रहे..

इस साल की शुरुआत में जब आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन किया गया तो उसमें भी बाबर आजम अपनी टीम का हिस्सा नहीं थे। हालांकि पेशावर जाल्मी की कप्तानी करते हुए बाबर ने जिस तरह का खेल दिखाया, उसके बाद उनके क्रिकेट करियर को नया जीवन मिल गया है। इस बीच बाबर आजम ने कहा है कि उनका फोकस तीनों फॉर्मेट पर है, उनका कहना है कि एक बैटर को सारे फॉर्मेट खेलना चाहिए।

## बांग्लादेश टेस्ट सीरीज तय करेगी बाबर का भविष्य..

बाबर आजम ने दिसंबर 2022 में टेस्ट क्रिकेट में अपना आखिरी शतक लगाया था। हालांकि अब बाबर आजम के पास मौका होगा, जब वे बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मैदान में उतरेंगे। ये मुकाबला आठ मई यानी शुक्रवार से शुरू होगा।

टीम की कमान शान मसूद के हाथ में है, लेकिन बाबर टीम के अहम मैंबर होंगे। बाबर आजम आज की तारीख में पाकिस्तान की किसी भी टीम के कप्तान नहीं हैं। लेकिन ये टेस्ट सीरीज ये जरूर तय करेगी कि उनका करियर कितना आगे तक जाएगा या फिर यहीं पर समाप्त हो जाएगा। बाबर आजम के प्रदर्शन पर सभी की नजर रहेगी।

# प्रियंका चोपड़ा ही नहीं, दीपिका पादुकोण भी नहीं बनीं मेट गाला 2026 का हिस्सा, दोनों की दो-दो वजहें..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक में अपने नाम का परचम लहराने वालीं दो बॉलीवुड हसीनाएं प्रियंका चोपड़ा इस बार मेट गाला 2026 के रेड कार्पेट पर नजर नहीं आईं।***



जैसे ही ये खबर आई प्रियंका के फैन निराश हो गए। प्रियंका रेड कार्पेट पर कई बार अपने लुक से सुर्खियां बटोर चुकी हैं, जिसके चलते फैंस के बीच उनके लुक को लेकर उत्सुकता बनी रहती है। लेकिन, इस बार वह मेट गाला का हिस्सा नहीं बन सकीं। प्रियंका चोपड़ा के अलावा दीपिका पादुकोण भी मेट गाला के रेड कार्पेट पर नजर नहीं आईं। दीपिका इन दिनों अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। ऐसे में फैंस को उम्मीद थी कि अभिनेत्री रेड कार्पेट पर अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ सकती हैं, लेकिन अब फैंस की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इस बीच वो वजह भी सामने आ गई है, जो दीपिका और प्रियंका को मेट गाला 2026 में जाने से रोक रही है।

## इस वजह से मेट गाला 2026 का हिस्सा नहीं बन पाएंगी प्रियंका..

प्रियंका चोपड़ा का मेट गाला 2026 में न जाना चर्चा में बना हुआ है, क्योंकि वह रेड कार्पेट पर कई यादगार अपीयरेंस दे चुकी हैं। पहले खबर थी कि प्रियंका अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' के चलते मेट गाला में शिरकत नहीं कर पाईं। लेकिन, अब चर्चा है कि अभिनेत्री अपनी सीरीज सिटाडेल के नए सीजन के प्रमोशन के चलते ग्लोबल टूर में व्यस्त हैं। इसके बाद वह लॉस एंजिल्स जाएंगी, जहां गोल्ड हाउस गाला में उन्हें लगातार दूसरे साल 'ग्लोबल वैनगार्ड अवॉर्ड' से नवाजा जाएगा। यही वो दो कारण हैं, जिनके चलते अभिनेत्री मेट गाला 2026 में शामिल नहीं पो पाएंगी।

## दीपिका के मेट गाला 2026 में शामिल न हो पाने की वजह..

दीपिका पादुकोण के भी मेट गाला 2026 में शिरकत न कर पाने की चर्चा तेज हो चुकी है। कई फैंस उम्मीद कर रहे थे कि अभिनेत्री यहां अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ सकती हैं। फैंस प्रेग्नेंट दीपिका के लुक को देखने के लिए बेताब थे, लेकिन प्रियंका की ही तरह वह भी इसका हिस्सा नहीं बन पाईं। बताया जा रहा है कि दीपिका के लिए उनकी प्राथमिकता उनकी फिल्में हैं और प्रेग्नेंसी के चलते वह समय पर अपनी अपकमिंग फिल्मों की शूटिंग खत्म करना चाहती हैं, जिसके चलते वह इस फैशन की दुनिया के सबसे बड़े इवेंट का हिस्सा नहीं बन पाएंगी। दीपिका इन दिनों 'किंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं और वह अल्लू अर्जुन की 'राका' में भी दिखाई देंगी। इन्हीं दोनों फिल्मों की शूटिंग के चलते दीपिका ने मेट गाला में नहीं जाने का फैसला किया है।

## मेट गाला 2026 के बारे में..

मेट गाला 2026 की बात करें तो इवेंट का आयोजन 4 मई को न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में हो रहा है। इवेंट का इस साल का थीम 'फैशन ही कला है' है। हर साल की तरह इस साल भी इवेंट में फिल्म, म्यूजिक, फैशन और खेल जगत की कई जानी-मानी हस्तियां रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरती नजर आएंगी। इवेंट में शामिल होने वाली प्रमुख हस्तियों में वीनस विलियम्स, निकोल किडमैन, बियॉन्से, किम कर्दाशियां, रिहाना, केंडल जेनर शामिल हैं। ईशा अंबानी भी अपने प्री मेट गाला लुक से सबको हैरान करने में सफल रहीं और फिल्म निर्माता करण जौहर इस साल मेट गाला में पहली बार शामिल हुए।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
बुधवार 06 मई 2026





# सरकार ने गन्ने का लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल किया..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने मंगलवार को अक्टूबर से शुरू होने वाले 2026-27 सत्र के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य 10 रुपये बढ़ाकर 365 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) पर यह फैसला किया गया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया, ''10.25 प्रतिशत की मूल प्राप्ति (रिकवरी) दर के लिए एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल होगा।'' मंजूर किया गया एफआरपी, मौजूदा 2025-26 सत्र की दर (355 रुपये प्रति क्विंटल) से 2.81 प्रतिशत अधिक है। हर 10.25 प्रतिशत से ऊपर रिकवरी में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर, एफआरपी में 3.56 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी होती है। इससे ज्यादा रिकवरी को प्रोत्साहन मिलता है।

सरकार ने उन किसानों के हित में कदम उठाया है जिनके गन्ने से मिलों को 9.5 प्रतिशत से कम गन्ना रस की प्राप्ति (रिकवरी) होती है। उनके लिए यह फैसला किया गया है कि ऐसे मामलों में एफआरपी में कोई कटौती नहीं की जाएगी। ऐसी मिलों को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसानों को वर्ष 2026-27 के सत्र में 338.3 रुपये प्रति क्विंटल मिलेंगे।

सत्र 2026-27 के लिए गन्ने की उत्पादन लागत 182 रुपये प्रति क्विंटल तय की गई है, वहीं निर्धारित एफआरपी उत्पादन लागत से 100.5 प्रतिशत अधिक है। मंत्री ने कहा, ''किसानों को एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा मिलने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा कि इस फैसले से लगभग एक करोड़ गन्ना किसानों को फायदा होने, गन्ना खेती में लगे खेतिहर मज़दूरों को मदद मिलने और चीनी मिलों का लगातार संचालन सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

एफआरपी को कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर तथा राज्य सरकारों एवं अन्य अंशधारकों के साथ परामर्श के बाद निर्धारित किया गया है।

चीनी मिलों के लिए यह अनिवार्य है कि वे किसानों से गन्ना एफआरपी या उससे अधिक कीमत पर खरीदें। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। मंत्री ने कहा कि पिछले दस साल में गन्ने का एफआरपी हर साल बढ़ा है। इस कदम से लगभग एक करोड़ गन्ना किसानों को फायदा होगा और गन्ने की खेती में लगे खेतिहर मजदूरों को मदद मिलेगी।

साथ ही चीनी मिलों का लगातार चलना और घरेलू चीनी की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इससे चीनी मिलों और उससे जुड़ी गतिविधियों में काम करने वाले पांच लाख मजदूरों को बेहतर रोजी-रोटी मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त गन्ने से एथनॉल का उत्पादन भी संभव हो पाएगा।

# डीआईआई की निफ्टी 500 में हिस्सेदारी रिकॉर्ड 20.9 प्रतिशत पर, एफआईआई हिस्सेदारी 17 प्रतिशत पर आई



नई दिल्ली, (भाषा)।

***घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भारतीय शेयर बाजार में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। निफ्टी 500 कंपनियों में उनकी हिस्सेदारी जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर रिकॉर्ड 20.9 प्रतिशत पर पहुंच गई***

जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की हिस्सेदारी घटकर 17.1 प्रतिशत रह गई। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में वैश्विक अनिश्चितताओं, खासकर ईरान-इजराइल तनाव के कारण घरेलू शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव बना रहा। हालांकि, इस दौरान घरेलू निवेश ने बाजार को मजबूती प्रदान की।

घरेलू संस्थागत निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2026 के दौरान कुल 27.2 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसे व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) के जरिये आने वाले स्थिर प्रवाह से समर्थन मिला।

इसके उलट, एफआईआई ने बीती तिमाही में 15.8 अरब डॉलर की शुद्ध निकासी की, जिसमें वैश्विक तनाव बढ़ने के बाद मार्च में हुई 14.2 अरब डॉलर की भारी बिकवाली शामिल है।

रिपोर्ट कहती है, ÷पश्चिम एशिया का संकट टलने के बाद एफआईआई प्रवाह में सुधार आने की पूरी संभावना है। विदेशी निवेशकों की बिकवाली में कमी को भी बाजार सकारात्मक रूप में लेगा जबकि प्रवाह बढ़ने पर बाजारों में बड़ी तेजी आ सकती है।÷

रिपोर्ट के अनुसार, निफ्टी 500 में एफआईआई-डीआईआई स्वामित्व अनुपात मार्च 2026 में घटकर 0.8 गुना रह गया, जो संस्थागत हिस्सेदारी के ढांचे में बदलाव का संकेत है। इस दौरान मुक्त प्रवाह आधार पर एफआईआई की हिस्सेदारी घटकर 33.8 प्रतिशत रह गई, जबकि डीआईआई की हिस्सेदारी बढ़कर 41.2 प्रतिशत हो गई।

सालाना आधार पर मार्च 2026 में निफ्टी 500 कंपनियों में डीआईआई की हिस्सेदारी 1.70 प्रतिशत अंक बढ़कर रिकॉर्ड 20.9 प्रतिशत हो गई, जबकि एफआईआई की हिस्सेदारी एक साल पहले के 18.9 प्रतिशत से घटकर 17.1 प्रतिशत रह गई।

इस दौरान प्रवर्तकों की हिस्सेदारी लगभग स्थिर 49.4 प्रतिशत रही, जबकि खुदरा निवेशकों की भागीदारी बढ़कर 12.7 प्रतिशत हो गई।

क्षेत्रवार आधार पर डीआईआई ने 24 में से 21 क्षेत्रों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई। निजी बैंक, प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, रियल एस्टेट, स्वास्थ्य सेवा और एनबीएफसी क्षेत्रों में सबसे अधिक निवेश बढ़ा। हालांकि, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवाएं (ईएमएस), गैर-ऋण एनबीएफसी और धातु क्षेत्रों में डीआईआई की हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई।

एफआईआई के निवेश रुझानों से पता चला कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में उनकी हिस्सेदारी घटकर 32.1 प्रतिशत रह गई जबकि धातु, स्वास्थ्य सेवा, उपयोगिता और तेल एवं गैस क्षेत्रों में निवेश बढ़ा।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एफआईआई की हिस्सेदारी मार्च 2026 में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 7.3 प्रतिशत पर आ गई।

रिपोर्ट के अनुसार, निफ्टी 500 के कुल बाजार पूंजीकरण में बड़ी पूंजी वाली कंपनियों, मध्यम पूंजी वाली कंपनियों और छोटी पूंजी वाली कंपनियों की हिस्सेदारी क्रमशः 67 प्रतिशत, 22 प्रतिशत और 11 प्रतिशत रही।

साथ ही, डीआईआई ने निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र (पीएसयू) की कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर क्रमशः 21.5 प्रतिशत और 17.5 प्रतिशत कर दी।

# आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी द्वारा अचल संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए मसौदा नियम जारी किए..



मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को मसौदा दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि बैंक और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) ऋण वसूली की प्रक्रिया में केवल अपवादस्वरूप***

ही अचल संपत्तियों का अधिग्रहण कर सकेंगी। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि विनियमित इकाइयों (आरई) से सामान्य परिस्थितियों में अपेक्षा नहीं की जाती कि वे अपनी नियमित ऋण गतिविधियों के बदले गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर कब्जा करें।

हालांकि, अपवाद की स्थितियों में, जब ऋण गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) बन जाता है और कानूनी या संविदात्मक उपाय लागू किए जा चुके हों, तो विनियमित इकाइयां (आरई) वसूली रणनीति के तहत गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का स्वामित्व अपने हाथ में ले सकती हैं।

आरबीआई ने अपने 'निर्दिष्ट गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर विवेकपूर्ण मानदंड' मसौदे में कहा कि ऐसी परिसंपत्तियों का नियंत्रित और समयबद्ध निपटान, निष्पक्ष आधार पर किया जाए तो वसूली प्रक्रिया में पारदर्शिता और विवेक बनाए रखते हुए शुद्ध वसूली को अधिकतम किया जा सकता है।

मसौदे के अनुसार, केवल वे ऋण ही इस प्रावधान के अंतर्गत आएंगे जिन्हें एनपीए घोषित किया गया हो और जिनमें अन्य सभी वसूली विकल्पों की जांच कर उन्हें अनुपयोगी पाया गया हो।

विशिष्ट गैर-वित्तीय परिसंपत्ति (एसएनएफए) का मतलब वह अचल संपत्ति है जिसे किसी विनियमित संस्था ने उधारकर्ता से अपने दावे के पूर्ण या आंशिक निपटान के बदले में प्राप्त किया हो। इसमें गैर-बैंकिंग परिसंपत्तियां (एनबीए) भी शामिल हैं।

मसौदे के मुताबिक, विनियमित संस्थाएं उधारकर्ता पर अपने दावे के पूर्ण या आंशिक निपटान के बदले में विशिष्ट गैर-वित्तीय परिसंपत्तियां प्राप्त कर सकती हैं।

इसके अलावा, ऐसे एसएनएफए के समय पर निपटान को सुनिश्चित करने के लिए अधिकतम सात वर्ष की अवधि का प्रस्ताव भी किया गया है।

आरबीआई ने कहा कि इन मसौदा नियमों को ऐसे परिसंपत्तियों के लिए सावधानीपूर्ण नियामकीय व्यवस्था को स्पष्ट करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इस पर 26 मई तक टिप्पणी एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

# एमएसएमई, विमानन कंपनियों के लिए आपातकालीन ऋण गारंटी योजना..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने मंगलवार को एमएसएमई, एयरलाइन और अन्य कंपनियों की कार्यशील पूंजी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में मदद के लिए 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली आपातकालीन***

ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) की घोषणा की। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न चुनौतियों के बीच यह कदम उठाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस योजना को मंजूरी दी। इससे 2.55 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त ऋण प्रवाह उपलब्ध होने की उम्मीद है।

मंत्रिमंडल के निर्णय के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 18,100 करोड़ रुपये के व्यय वाली यह योजना पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) दोनों की मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि यह योजना इन क्षेत्रों को बैंक और वित्तीय संस्थानों से अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने में मदद करेगी। मंत्री के अनुसार, यात्री विमानन कंपनियां अपने अधिकतम ऋण के आधार पर 1,500 करोड़ रुपये तक की सुविधा के लिए पात्र होंगी, जबकि अन्य संस्थानों को 100 करोड़ रुपये तक की कार्यशील पूंजी का 20 प्रतिशत तक ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस योजना से संबंधित कंपनियों को अपनी गतिविधियां जारी रखने, रोजगार सुरक्षित रखने और आपूर्ति श्रृंखला को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी। सरकार ने कहा कि समय पर नकदी उपलब्ध कराकर यह योजना कारोबार को स्थिर रखने और रोजगार बनाये रखने में मदद करेगी। इससे देश के उत्पादन और आर्थिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी। उल्लेखनीय है कि फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एमएसएमई और विमानन क्षेत्र पर वित्तीय दबाव काफी बढ़ गया है।

बयान में कहा गया, ÷इस योजना का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को 100 प्रतिशत तथा गैर-एमएसएमई और विमानन क्षेत्र को 90 प्रतिशत तक ऋण गारंटी कवरेज प्रदान करना है। यह कवरेज राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) द्वारा सदस्य ऋण संस्थानों को दिया जाएगा। यह गारंटी उन राशि पर लागू होगी जो अतिरिक्त ऋण सुविधा के तहत पात्र उधारकर्ताओं को दी गई है और जिनमें भुगतान में चूक की स्थिति उत्पन्न होती है, ताकि पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न अल्पकालिक नकदी असंतुलन को दूर किया जा सके।÷ बयान के अनुसार ऋण की अवधि विमानन क्षेत्र के लिए वितरण तिथि से सात वर्ष होगी, जिसमें दो वर्ष की स्थगन अवधि शामिल होगी। वहीं एमएसएमई और गैर-एमएसएमई के लिए यह अवधि पांच वर्ष होगी, जिसमें एक वर्ष की स्थगन अवधि शामिल होगी।

# मंत्रिमंडल ने 23,437 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मंगलवार को रेल मंत्रालय की लगभग 23,437 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी।***

इन परियोजनाओं में नागदा-मथुरा, गुंतकल-वाडी और बुरहवाल-सीतापुर खंडों पर तीसरी एवं चौथी रेल लाइन का निर्माण शामिल है।

एक सरकारी प्रेस नोट के मुताबिक, रेल लाइनों की बढ़ी हुई क्षमता से आवागमन में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे भारतीय रेल की परिचालन दक्षता और सेवाओं की विश्वसनीयता बढ़ेगी। इन बहु-लाइन परियोजनाओं से संचालन सुगम होगा और भीड़भाड़ में कमी आएगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि ये रेल खंड भीड़भाड़ वाले रेल मार्गों का हिस्सा हैं और नई लाइनें प्रमुख शहरों एवं कस्बों के बीच परिचालन को अधिक सुगम बनाएंगी।

सरकार ने कहा कि ये परियोजनाएं 'प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' के तहत बहु-स्तरीय संपर्क और लॉजिस्टिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं, जिससे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होगी।

मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के 19 जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से भारतीय रेल नेटवर्क में करीब 901 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इससे लगभग 4,161 गांवों की करीब 83 लाख आबादी को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। इन परियोजनाओं से महाकालेश्वर मंदिर, रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, कूनो राष्ट्रीय उद्यान, केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, मथुरा, वृंदावन और नैमिषारण्य जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों की संपर्क सुविधा भी बेहतर होगी। माल ढुलाई के लिहाज से ये रेल मार्ग कोयला, खाद्यान्न, सीमेंट, पेट्रोलियम उत्पाद, इस्पात, लौह अयस्क, कंटेनर और उर्वरक जैसे उत्पादों की ढुलाई के लिए अहम हैं। क्षमता बढ़ने से सालाना छह करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलाई की संभावना है।

रेल मंत्री ने इन परियोजनाओं के पर्यावरणीय लाभों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे तेल आयात में करीब 37 करोड़ लीटर की कमी आएगी और कार्बन उत्सर्जन में 185 करोड़ किलोग्राम की कमी होगी, जो करीब सात करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

# विदेशों से धन भेजे जाने में भारत 137 अरब डॉलर के साथ शीर्ष पर बरकरार : संयुक्त राष्ट्र संस्था..



नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत ने वर्ष 2024 में 137 अरब डॉलर से अधिक राशि विदेशों से धनप्रेषण के रूप में हासिल कर दुनिया में शीर्ष स्थान बरकरार रखा और वह 100 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने वाला एकमात्र देश रहा।***

संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) की तरफ से जारी 'विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2026' के मुताबिक, भारत विदेशों से लगातार सबसे अधिक प्रेषण पाने वाला देश बना हुआ है। भारत के बाद मेक्सिको का स्थान है।

वर्ष 2024 में भारत, मेक्सिको, फिलीपीन और फ्रांस वैश्विक स्तर पर धनप्रेषण पाने के मामले में शीर्ष चार देशों में शामिल रहे।

रिपोर्ट कहती है कि भारत को 2024 में 137.67 अरब डॉलर का प्रेषण मिला, जो अन्य देशों की तुलना में काफी अधिक है। 2010 में भारत के लिए यह आंकड़ा 53.48 अरब डॉलर था, जो 2015 में 68.91 अरब डॉलर, 2020 में 83.15 अरब डॉलर और 2024 में बढ़कर 137 अरब डॉलर से अधिक हो गया।

क्षेत्रीय स्तर पर दक्षिण एशिया में 2024 के दौरान प्रेषण में 11.8 प्रतिशत की सबसे तेज वृद्धि का अनुमान है। इसमें भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश को मिले मजबूत प्रवाह की अहम भूमिका रही।

रिपोर्ट के मुताबिक, उच्च आय वाले देश इस धनप्रेषण के प्रमुख स्रोत बने हुए हैं। अमेरिका से 2024 में सर्वाधिक 100 अरब डॉलर से अधिक राशि दूसरे देशों को भेजी गई। उसके बाद सऊदी अरब (46 अरब डॉलर से अधिक), स्विट्जरलैंड (करीब 40 अरब डॉलर) और जर्मनी (लगभग 24 अरब डॉलर) का स्थान रहा।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पढ़ाई करने वाले छात्रों में एशियाई देशों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। वर्ष 2022 में चीन के 10 लाख से अधिक छात्र विदेशों में पढ़ रहे थे, जबकि भारत विदेश में पढ़ने वाले 6.2 लाख छात्रों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

भारतीय प्रवासी समुदाय को देश के प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया गया है। इसके साथ ही, रिपोर्ट ने 'ब्रेन ड्रेन' की चुनौती को 'ब्रेन गेन' में बदलने के लिए नीतिगत उपायों की जरूरत पर भी बल दिया।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# असम के 17 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, 85 प्रतिशत करोड़पति हैं: एडीआर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***असम विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों में करीब 17 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की, जबकि 85 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं। यह जानकारी 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' की एक रिपोर्ट में दी गई है।***



रिपोर्ट में 2026 के विधानसभा चुनाव में विजयी सभी 126 उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया गया है। इसके अनुसार, 2021 के मुकाबले जिन विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज है उनका अनुपात घटा है। वर्ष 2021 में 27 प्रतिशत विधायकों (34 विधायक) ने अपने हलफनामे में आपराधिक मामले घोषित किए थे, जो अब घटकर 17 प्रतिशत (21 विधायक) रह गया है।

इन 21 विधायकों में से 19 विधायक (15 प्रतिशत) गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 22 प्रतिशत था। तीन विधायकों ने हत्या के प्रयास से जुड़े मामलों की जानकारी दी है, जबकि दो ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों का उल्लेख किया है। पार्टीवार आंकड़ों में बड़ा अंतर देखा गया है। भाजपा के 82 में से 7 (नौ प्रतिशत) विजयी उम्मीदवारों ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि कांग्रेस के 19 में से नौ (47 प्रतिशत) उम्मीदवारों पर ऐसे मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के दो विजयी उम्मीदवारों

और तृणमूल कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने भी अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है। बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के सभी 10 विजयी उम्मीदवारों का रिकॉर्ड बेदाग है। इसी बीच, भाजपा के 82 विजयी उम्मीदवारों में से सात (9 प्रतिशत), कांग्रेस के 19 विजयी उम्मीदवारों में से सात (37 प्रतिशत), एआईयूडीएफके दोनों विजयी उम्मीदवार (100 प्रतिशत), तृणमूल के एक विजेता (100 प्रतिशत), रायजोर दल के दो विजयी उम्मीदवारों में से एक (50 प्रतिशत)

और असम गण परिषद के 10 विजयी उम्मीदवारों में से एक (10 प्रतिशत) ने अपने हलफनामों में अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामलों की घोषणा की है। रिपोर्ट में निर्वाचित प्रतिनिधियों की संपत्ति में भारी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला गया है। 126 विधायकों में से 107 (85 प्रतिशत) करोड़पति हैं, जबकि वर्ष 2021 में करोड़पति विधायक 67 प्रतिशत थे। सभी विजयी उम्मीदवारों की कुल घोषित संपत्ति 1,112 करोड़ रुपये है। प्रति विधायक औसत संपत्ति पिछले चुनाव के 4.59 करोड़ रुपये की तुलना में 2026 में लगभग दोगुनी होकर 8.82 करोड़ रुपये हो गई है। राजनीतिक दलों में, भाजपा के 90 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं, उसके बाद कांग्रेस के 74 प्रतिशत और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट के 80 प्रतिशत विधायक करोड़पति हैं।

एआईयूडीएफ, एआईटीसी और रायजोर दल के सभी विजयी उम्मीदवारों ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। औसत संपत्ति के मामले में, एआईयूडीएफके उम्मीदवार 117.77 करोड़ रुपये की औसत संपत्ति के साथ सूची में सबसे ऊपर हैं, उसके बाद बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (9.92 करोड़ रुपये) और भाजपा (7.50 करोड़ रुपये) का स्थान है। कांग्रेस विधायकों की औसत संपत्ति 6.51 करोड़ रुपये है, जबकि असम गण परिषद के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.81 करोड़ रुपये है। रायजोर दल के विधायकों की औसत संपत्ति 1.54 करोड़ रुपये है।

एआईयूडीएफके मोहम्मद बदरुद्दीन अजमल 226 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ सबसे धनी विजयी उम्मीदवार हैं, उसके बाद बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट की सेवली मोहिलारी 63 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं और मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा 35 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# इस्तीफा नहीं दूंगी, चुनाव परिणाम जनादेश नहीं बल्कि साजिश: ममता बनर्जी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार किया और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का परिणाम 'जनादेश नहीं बल्कि एक साजिश' है।***




साथ ही उन्होंने सड़कों पर उतरकर लड़ाई लडने् और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ चुनाव नहीं लड़ा, बल्कि उसकी लड़ाई निर्वाचन आयोग से थी, जिसने 'भाजपा के लिए काम किया।' पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के एक दिन बाद बनर्जी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा,

'मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि हमारी हार जनता के जनादेश से नहीं, बल्कि एक साजिश के तहत हुई है। मैं हारी नहीं हूं, मैं लोक भवन नहीं जाऊंगी।' तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा, 'मुझे इस्तीफा क्यों देना चाहिए? हम हारे नहीं हैं। मतों की लूट हुई है। इस्तीफे का सवाल ही कहां उठता है?'

## यह लगाए आरोप..

निवर्तमान मुख्यमंत्री बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि लगभग 100 सीट पर जनादेश को 'लूट' लिया गया और उनकी पार्टी का मनोबल गिराने के लिए जानबूझकर मतगणना धीमी की गई। उन्होंने कहा, ''हम भाजपा से नहीं लड़ रहे थे; हम निर्वाचन आयोग से लड़ रहे थे जो भाजपा के लिए काम कर रहा था। मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में ऐसा चुनाव कभी नहीं देखा।

इतिहास में एक काला अध्याय जुड़ गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त खलनायक बन गए हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियां और अधिकारी मिलीभगत से काम कर रहे थे और दावा किया कि 'छापेमारी, तबादले और पक्षपात' ने हालात ऐसे बना दिए कि मुकाबला निष्पक्ष ना रहे और संस्थानों की निष्पक्षता पर सवाल उठाया। हालांकि, बनर्जी ने संकेत दिया कि संवैधानिक विकल्प अभी भी खुले हैं। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, वे संवैधानिक मानदंडों के अनुसार कार्रवाई कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को करेंगी मजबूत..

चुनावी हार के बाद रणनीति में बदलाव का संकेत देते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि अब वह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के नेताओं ने मुझे फोन करके एकजुटता व्यक्त की। सोनिया जी और राहुल गांधी ने भी मुझसे बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि उन्हें अरविंद केजरीवाल, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और हेमंत सोरेन जैसे नेताओं के भी फोन आए। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ममता बनर्जी का कांग्रेस से नजदीकी बढ़ाना थोड़ा विरोधाभासी है, क्योंकि उनकी पार्टी पहले कांग्रेस और उसके नेताओं, खासकर राहुल गांधी, की आलोचना करती रही है और कई राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में दोनों के बीच अक्सर मतभेद भी रहे हैं।

## यह भी बोली ममता बनर्जी..

इसी बीच, बनर्जी ने कड़ा रुख अपनाते हुए आंदोलनकारी राजनीति में लौटने की घोषणा की। उन्होंने कहा, 'जब तक मैं कुर्सी पर थी, मैंने बहुत कुछ सहन किया। अब मैं एक आजाद पंछी हूं, एक आम इंसान हूं। मैं संघर्ष करने वाली हूँ। मैं सड़कों पर रहूंगी और सभी अत्याचारों के खिलाफ लड़ूंगी।' बनर्जी ने चुनाव के बाद हुई हिंसा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए 10 सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति के गठन की भी घोषणा की। उन्होंने 2021 में चुनाव के बाद हुई हिंसा के आरोपों को निराधार बताया।

# चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर इंडिगो के विमान में पावर बैंक में आग लगी, आपातकालीन निकासी कराई गई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर मंगलवार को खड़े इंडिगो के एक विमान में सवार एक यात्री के पावर बैंक में आग लगने के बाद सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।***



विमानन कंपनी की ओर से जारी एक बयान में कहा, 'पांच मई 2026 को हैदराबाद से चंडीगढ़ पहुंची इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई108 जब हवाई अड्डे पर खड़ी थी, तब एक यात्री के निजी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण में आग लगने की घटना सामने आई।'

बयान के अनुसार, 'सुरक्षा के मद्देनजर् तुरंत निकासी कराई गई और संबंधित सभी अधिकारियों को फौरन सूचित किया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से टर्मिनल तक पहुंचा दिया गया है और टीम उनकी देखभाल कर रही है।' सूत्र ने बताया कि विमान के उतरने के तुरंत बाद केबिन में सामान रखने वाली जगह से धुआं निकलता दिखाई दिया, जिसके बाद सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया। सूत्र के अनुसार, यह धुआं पावर बैंक में आग लगने के कारण निकला था और इस घटना में किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है।

इस उड़ान में सवार एक यात्री ने मीडिया को बताया कि जैसे ही विमान हवाई अड्डे पर उतरा, आग लगने की यह घटना घटी। यात्री ने बताया कि यात्रियों की निकासी के दौरान उसी उड़ान में सवार उसकी पत्नी का टखना मुड़ गया। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी और अन्य यात्रियों को 'स्लाइडर' (फिसलन वाले आपातकालीन रास्ते) के जरिये बाहर निकाला जा रहा था। उन्होंने बताया कि विमान की आखिरी सीट पर बैठे एक व्यक्ति के पावर बैंक से धुआं निकलना शुरू हुआ और विमान परिचारिका ने आग बुझाने के लिए अग्निशामक यंत्र का इस्तेमाल किया, लेकिन विमान के अंदर काफी धुआं भर गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। यात्री के अनुसार, विमान परिचारिका ने लोगों को शांत करने की कोशिश की, लेकिन फिर भी अफरातफरी का माहौल नजर आया। इसके बाद आपातकालीन दरवाजे खोले गए और निकासी कराई ग उन्होंने बताया कि यात्रियों को नीचे उतारने के लिए 'स्लाइडर' लगाए गए थे और विमान में बच्चे एवं बुजुर्ग भी मौजूद थे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पत्नी को जीरकपुर के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें कई फ्रैक्चर हुए हैं और सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है।

# मराठवाड़ा के चार ज़िलों के 92 गांव अब पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के तीन जिलों के 92 गांव अब पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं। एक रिपोर्ट से यह जानकारी प्राप्त हुई है। विभागीय आयुक्त कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार तक छत्रपति संभाजीनगर, जालना,***



लातूर और हिंगोली जिलों के 92 गांवों और 36 बस्तियों में 156 टैंकरों के ज़रिए पानी की आपूर्ति की जा रही है। छत्रपति संभाजीनगर ज़िले में सबसे ज़्यादा 71 गांव और 14 बस्तियां हैं, जहां टैंकरों के ज़रिए पानी पहुंचाया जा रहा है।

विडंबना यह है कि इसी ज़िले में जायकवाड़ी बांध स्थित है, जो पैठन में गोदावरी नदी पर बने देश के सबसे बड़े तटबंध में से एक है। रिपोर्ट के अनुसार, 38 टैंकर पड़ोसी जालना जिले के 19 गांवों और 20 बस्तियों को पानी उपलब्ध करा रहे हैं जबकि लातूर के दो गांवों और हिंगोली जिले की एक बस्ती को टैंकरों के माध्यम से पानी मिल रहा है।

प्रशासन ने पानी की आपूर्ति के लिए मराठवाड़ा के सात ज़िलों में कई निजी कुओं को भी अधिग्रहित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब तक छत्रपति संभाजीनगर (87), जालना (33), परभणी (4), हिंगोली (24), नांदेड़ (58), बीड (37) और लातूर (25) जिलों में कुल 268 कुओं का अधिग्रहण किया जा चुका है।

# मप्र के पन्ना रिजर्व में बाघ मृत मिला, जनवरी से अब तक 28 वीं मौत..



पन्ना (भाषा)।

***मध्यप्रदेश के पन्ना बाघ अभयारण्य के बफर क्षेत्र में करीब दो साल के एक बाघ का शव मिला है। एक वन अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस साल सात जनवरी से अब तक राज्य में बाघों की यह 28वीं मौत है।***

मध्य प्रदेश में कुल नौ बाघ अभयारण्य है। उन्होंने कहा कि बाघ का शव अमानगंज बफर क्षेत्र से बरामद किया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह बाघ हाल ही में तारा गांव से बचाया गया था और इसकी निगरानी के लिए इसमें रेडियो कॉलर लगाया गया था। पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक बृजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा, सोमवार को मिला शव पूर्ण हालत था और आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं दिखी। मौके के निरीक्षण के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। साल 2022 की बाघ गणना के अनुसार, मध्यप्रदेश में 785 बाघ हैं, जो देश में सर्वाधिक है।

# राहुल की बात नहीं सुनना ममता की सबसे बड़ी गलती: संजय राउत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***शिवसेना (उबाठा) सांसद संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बात नहीं सुनकर***



और उनसे गठबंधन के संबंध में वार्ता ना करके 'बड़ी गलती' की, वर्ना विधानसभा चुनाव के नतीजे कुछ और होते। भाजपा ने 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 207 सीटें जीतकर निर्णायक बहुमत हासिल किया और बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 15 साल के शासन का अंत हो गया। ममता बनर्जी को प्रतिष्ठित भवानीपुर सीट पर भाजपा के शुभेंदु अधिकारी के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। यहां पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत लोकतंत्र की जीत नहीं है, क्योंकि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के माध्यम से लाखों मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।

शिवसेना (उबाठा) प्रवक्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन जैसे प्रमुख विपक्षी नेताओं की हार के बावजूद, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा, 'लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने जो कुछ भी कहा था (पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के चुनावों में धांधली के बारे में), वह सच साबित हुआ। वह एक दूरदर्शी नेता हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी ने भी एक समय अधिकांश राज्यों में जीत हासिल की थी, फिर भी उन्हें बाद में करारी हार का सामना करना पड़ा। राउत ने कहा कि भाजपा भी इस समय शिखर पर है और भविष्य में उसे भी हार का सामना करना पड़ेगा।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

## शिमला में दिल दहला देने वाला हादसा

# एक पल की लापरवाही और मां की आंखों के सामने कुचली गई मासूम..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई में मंगलवार सुबह को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यहां सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार***



पिकअप वाहन की चपेट में आने से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## मां के साथ सड़क पार करते समय हादसा..

मिली जानकारी के अनुसार 4 साल की बच्ची अपनी मां के साथ गुम्मा से बड़ेच स्थित अपने गांव की ओर जा रही थी। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिख रहा है जब वे कोटखाई के समीप पहुंचे तो बच्ची अपनी मां के पीछे-पीछे चल रही थी। इसी दौरान वह अचानक सड़क पार करने लगी। तभी शिमला की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि बच्ची ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को सूचना दी गई।

## नेपाली मूल की थी मृतक बच्ची..

फिलहाल बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कोटखाई अस्पताल में करवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक बच्ची नेपाली मूल की थी। उसके माता पिता यहां बगीचों में काम करते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पारिवारिक विवाद में छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***डूंगरपुर जिले के निठाउवा थाना क्षेत्र के डुंगलई गांव में सोमवार रात छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सोहन पुत्र भगना मीणा की पत्नी खेत में बकरियां चरा रही थी और इस दौरान उसने एक पेड़ की पत्तियां तोड़ीं, जिस पर बड़े भाई कन्हैयालाल की बेटी ने आपत्ति जताई। पुलिस के अनुसार इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।***

निठाउवा थानाधिकारी घनश्याम सिंह ने बताया कि विवाद के बाद सोहन की पत्नी अपने मायके चली गई और शाम को सोहन मजदूरी करने के बाद घर आया और उसे पूरे घटनाक्रम का पता चला। उन्होंने बताया कि कन्हैयालाल धरियावद में कपड़े सिलाई का काम करने के बाद शाम को घर लौटा। उन्होंने बताया कि वह आंगन में खाट पर लेटा हुआ था और इसी दौरान सोहन चाकू लेकर पहुंचा और कन्हैयालाल पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

थानाधिकारी ने बताया कि हमले में कन्हैयालाल गंभीर रूप से घायल हो गया और बीच-बचाव में आई उसकी पत्नी को भी चोटें आईं। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल कन्हैयालाल को निठाउवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागवाड़ा भेजा गया लेकिन, उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घनश्याम सिंह ने बताया कि घटना के बाद आरोपी सोहन ने खुद को भी घायल कर लिया और उसके बाद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
राकेश रोकडे सालेकसा
मो. 9049200353

# देवरी में भाजपा का ऐतिहासिक विजयोत्सव, आतिशबाजी और नारों से गूंजा आसमान



**जगप्रेरणा देवरी।**

***बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हासिल की गई ऐतिहासिक जीत की गूंज देवरी शहर में भी देखने को मिली। इस शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए देवरी के अग्रसेन चौक परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ विजयोत्सव मनाया।***

पटाखों की जोरदार आतिशबाजी और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद', नरेंद्र मोदी आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं' जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। यह विजयोत्सव विदर्भ संगठन मंत्री उपेंद्रजी कोठेकर और जिला संगठन मंत्री वीरेंद्रजी अंजनकर के प्रमुख नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, 'यह जीत कार्यकर्ताओं के कड़े परिश्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता द्वारा जताए गए विश्वास की जीत है।'

अग्रसेन चौक पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी व्यक्त की। इस अवसर पर देवरी तालुका भाजपा अध्यक्ष संजू उईके, कृषि उपज मंडी समिति के सभापति प्रमोद संगीडवार, निर्माण सभापति रितेश अग्रवाल, नगरसेवक संजय दरवडे, कौशल्या कुंभरे, कमलताई मेश्राम, सीता रंगारी, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण दहिकर, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह भाटिया, एडवोकेट प्रशांत संगीडवार, विनोद भेंडारकर, राजू साहू, भाऊराव येरणे, सुशील शेंद्रे, देवानंद मेश्राम, दिनेश भेलावे, विलास शिंदे, सुशील जैन, गजानन शिवणकर, दिशांत चन्ने सहित सभी प्रमुख पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोले विदर्भ संगठन मंत्री उपेंद्र कोठेकर..

बंगाल और असम की जीत भाजपा की विचारधारा की जीत है। आने वाले समय में पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए यह जीत कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। इस ऐतिहासिक जीत से देवरी भाजपा में उत्साह का माहौल है और अग्रसेन चौक पर हुई इस आतिशबाजी ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

# तेजस्वी बनोठे ने चार तहसीलों में लहराया सफलता का परचम

## गवराबाई जूनियर कॉलेज झालिया का शानदार प्रदर्शन, विज्ञान में 98.68 प्रति. और कला में 91.30 प्रति. छात्र सफल..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित एच.एस.सी. (कक्षा 12वी) परीक्षा परिणाम में गवराबाई जूनियर कॉलेज,***

झालिया के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष महाविद्यालय की विज्ञान शाखा का परीक्षा परिणाम 98.68 प्रति. और कला शाखा का 91.30 प्रति. रहा, जिसने पूरे जिले का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। महाविद्यालय की विज्ञान शाखा की छात्रा तेजस्वी हेमंत बनोठे ने इतिहास रचते हुए 600 में से 548 अंक (91.33 प्रति.) प्राप्त किए हैं। तेजस्वी ने न केवल अपने कॉलेज में टॉप किया, बल्कि सालेकसा, देवरी, आमगांव और गोरेगांव-इन चारों तहसीलों में प्रथम (मेरिट) स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस अभूतपूर्व सफलता से झालिया क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

अपनी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए तेजस्वी ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी और गुरुजनों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के सतत सहयोग और परिवार के विश्वास ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। संस्था के पदाधिकारियों और शिक्षकवृंद ने तेजस्वी सहित सभी सफल विद्यार्थियों का अभिनंदन किया है। महाविद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों की यह लगन आने वाले समय में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## कंप्यूटर दुकान में लगी आग..

# कई कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर सहित सारा समान हुआ जलकर खाक..

## लाखों के नुकसान का अंदेशा..





**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***स्टेशन रोड स्थित साई प्लाजा कॉम्प्लेक्स में मंगलवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण एक कंप्यूटर दुकान में आग लग गई।***

आग से कंप्यूटर लैपटॉप प्रिंटर सहित सारा समान जलकर खाक हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अजय बुद्दे की 'ई-स्काय कंप्यूटर' दुकान सुबह खुलने ही वाली थी, तभी लोगों ने शटर के अंदर से धुआं निकलते देखा।

तुरंत ही दुकान मालिक को सूचना दी गई। उपरांत नगर परिषद के अग्निशमन दल और अदानी पावर प्लांट का अग्निशमन दल दोनों को बुलाया गया। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे दुकान में रखे कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामान सहित दुकान का सारा फर्नीचर भी पूरी तरह जल गया। इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। अग्निशमन दल के जवानों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सब कुछ खाक हो चुका था।

ज्ञात हो कि इस दुकान से लगी हुई अनेक दुकानें है और ऊपर भी रिहायशी मकानों में अनेक परिवार रहते है। अगर ये आग बढ़ जाती तो बड़ी घटना हो सकती थी। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# तिरोड़ा में भीषण गर्मी के बावजूद 479 मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***तेज़ गर्मी के बावजूद तिरोड़ा के नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाते हुए उत्साहपूर्वक भागीदारी दर्ज की। बाहेकर सुपर स्पेशालिटी हॉस्पिटल***

तथा डॉ. कुमुद संदीप मेश्राम (सभापति, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, नगर परिषद तिरोड़ा) के संयुक्त तत्वावधान में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में आयोजित भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 479 मरीजों की जांच की गई।

इस शिविर में हृदय रोग, अस्थि रोग, स्त्री रोग, बाल रोग एवं मधुमेह जैसे विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर में डॉ. अनुराग बाहेकर, डॉ. सतीश बनसोड, डॉ. गार्गी बाहेकर, डॉ. फुले, डॉ. पारधी, डॉ. तिघारे सहित तालुका स्वास्थ्य अधिकारी और उनकी टीम ने सक्रिय रूप से सेवाएं दीं। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में प्रेमकुमार रहांगडाले, डॉ. योगेंद्र भगत, अजय गौर, राजेश गुनेरिया, सलीमभाई जवेरी, विजय बनसोड, प्रभू असाटी, कादर मंसूरी, छाया कटरे, रवींद्र वंजारी, अनुप बोपचे, आशा भोंडेकर, लता पुडके, मंगला तिरपुड़े, राधेश्याम नागपुरे, महेंद्र वालदे, खिलेश मेश्राम, डॉ. सुदेश चौरासिया, डॉ. गोबाडे, डॉ. सविता दुबे, विवेक साखरे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आयोजक डॉ. कुमुद संदीप मेश्राम ने कहा, 'भीषण गर्मी के बावजूद नागरिकों का उत्साहवर्धक प्रतिसाद प्रेरणादायक है। हमारा प्रयास है कि तिरोड़ा के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें और भविष्य में भी ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।'

# गैस सिलेंडर की कमी और काला बाजारी के खिलाफ कांग्रेस का निवेदन



**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***स्थानीय संकेषा गैस एजेंसी द्वारा ग्राहकों को गैस सिलेंडर वितरण में बीते अनेक दिनों से चल रही अनियमितता, सिलेंडर की कमी और कालाबाजारी के***

संदर्भ में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष तथा पूर्व विधायक दिलीप बंसोड के नेतृत्व में तिरोड़ा तहसीलदार के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें तिरोड़ा क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी गैस उपभोक्ताओं ने उपस्थित होकर एजेंसि द्वारा जारी अनियमितता और कालाबाजारी के संदर्भ में अनेक शिकायतें रखी। ग्राहकों को हो रही असुविधाओं के मुद्दे पर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार से विस्तृत चर्चा करते हुए यह विचार-विमर्श किया कि आम नागरिकों को गैस सेवा सुचारू रूप से कैसे उपलब्ध कराई जा सकती है। बैठक में गैस वितरण व्यवस्था में सुधार लाने और उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

इस चर्चा के दौरान पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिलीप बन्सोड के साथ नगर सेवक परमानंद पारधी, तिरोड़ा तालुका कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश टेंभरे, कृषि मंडी के संचालक ओम पटले, कृषि मंडी के पूर्व सभापति वाय.टी. कटरे, शिवा यादव, श्यामराव खोब्रागड़े, पत्रकार राधेश्याम नागपुरे, सरपंच सुभाष वाडीचार तथा अरविंद येडे समेत अनेक उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल में गर्मी से राहत की पहल..





## मिश्रा कार्गो सर्विसेज द्वारा ने. सु.च. बोस इतवारी स्टेशन में गाड़ी संख्या 11753 के सामान्य कोच में यात्रियों को छाछ का वितरण..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन में आज दिनांक 05 मई 2026 को भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से मिश्रा कार्गो सर्विसेज, इतवारी द्वारा एक सराहनीय एवं मानवीय पहल की गई।***

गाड़ी संख्या 11753 के सामान्य कोच में यात्रा कर रहे यात्रियों को ठंडक और राहत प्रदान करने हेतु छाछ का निःशुल्क वितरण किया गया। जैसे ही छाछ यात्रियों तक पहुँची, थकान और गर्मी से परेशान यात्रियों के चेहरों पर राहत की मुस्कान दिखाई दी। इस सेवा भावपूर्ण प्रयास ने न केवल यात्रियों की प्यास बुझाई, बल्कि यात्रा को अधिक सुखद और सहज बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यात्रियों ने इस पहल की खुले दिल से सराहना करते हुए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर मंडल श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह के मार्गदर्शन एवं सहयोग का उल्लेखनीय योगदान रहा। उनके नेतृत्व में यात्रियों की सुविधा एवं कल्याण हेतु निरंतर ऐसे जनहितकारी प्रयासों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

रेल प्रशासन द्वारा इस प्रकार की सेवा-उन्मुख एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे रेल यात्रा अधिक सुखद, सुरक्षित एवं मानवीय बन सके।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### घर के सामने खड़ी गाड़ी का कांच फोड़कर की चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगांव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/5/2026 के रात ग्राम सोनी मे फर्यादी अनिल नंदलाल बोपचे उम्र 31 वर्ष निवासी सोनी अपने घर मे सोये थे। रात 1 बजे उन्हे कुत्ते भोकने का आवाज आया उन्होंने घर के बाहर जाकर देखा तो आंगन मे खडी नॅक्सान कार का काच फोड़कर अज्ञात आरोपी ने नगदी 5500 सौ रुपये और क्रेडिट कार्ड, डेबीट कार्ड, एटी एम स्टँप पेपर चुराकर ले गया। अज्ञात आरोपी ने गाडी का काच फोड़कर 15 हजार रुपये का नुकसान करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 304/2026 धारा 380,426, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा कोसमे 1220 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### बाड़ी तोड़ने मना करने की बात पर दी जान से मारने की धमकी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगांव पुलिस थाना अंतर्गत जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/5/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान बोरकन्हार मे महीला फर्यादी उम्र 55 वर्ष निवासी बोरकन्हार अपने घर की बाडी मे बर्तन धो रही थी। उसी समय आरोपी ने आकर बाडी तोडना चालू किया फर्यादी ने कहा बाडी हमारी है क्यो तोड रहा है तो आरोपी ने कहा तु मेरे से शादी कर ले मै तेरेको रखने तैय्यार हु। और कहा मै तेरी बाडी पर कब्जा कर लुंगा और घर बनाऊंगा यदी तु बिच मे आयी तो तेरे को और तेरे बेटे को कुल्हाडी से काट दुंगा धमकी देने से पर फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 324/2026 धारा 296,351,2,3, बी एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा परिहार 1429 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### ट्रक पलटने से चालक की हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत अँक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/5/2026 के सुबह 9 बजे के दरम्यान रुस्तमपुर मे नरेश जिवन वलथरे उम्र 26 वर्ष निवासी रामाटोला घटना के समय अपना ट्रक लेकर जा रहा था। जाते समय ट्रक तेज गती से चलाकर जाते समय पलटी हुवा ड्रायवर ट्रक के निचे दबने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 493/2026 धारा 106,1,281, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत दर्ज कर जाँच पोऊपनी कोंडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### क्रिड़ा संकुल मरारटोली के सामने से मोटर सायकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 25/4/2026 के रात 10 बजे फर्यादी संजय अनंतराम मुनेश्वर उम्र 40 वर्ष निवासी पंचायत समिती कॉलोनी गोंदिया अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए झेड 0762 युनिकॉन किमत 15 हजार रुपये गाडी से भोजन करने गये थे। भोजन कर वापस आने के लिये निकले तो गाडी वहा नही थी। घटना समय के दरम्यान किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 279/2026 धारा 303,2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा पाचे 384 पोस्टे रामनगर कर रहे है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के समनापुर स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन हेतु नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल अंतर्गत समनापुर स्टेशन पर अतिरिक्त लूप लाइन के निर्माण कार्य के संबंध में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की अनुमति प्रदान की गई है। यह कार्य सुरक्षित एवं सुचारु रेल संचालन सुनिश्चित करने हेतु किया जा रहा है।**

इस कार्य के अंतर्गत प्री-नॉन इंटरलॉकिंग कार्य दिनांक 06.05.2026 तक विभिन्न चरणों में 12:00 घंटे के ओएचई ब्लॉक के साथ पूर्ण की जाएंगी।

दिनांक 07.05.2026 को इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा विद्युत विभाग द्वारा 04:30 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान **T-28** मशीन की सहायता से नैनपुर एंड पर पॉइंट नंबर **42B** एवं बालाघाट एंड पर पॉइंट नंबर **32 A** का समावेशन किया जाएगा। यह ब्लॉक 07 मई की रात्रि 22:00 बजे से 08 मई की प्रातः 02:30 बजे तक रहेगा।

इसके पश्चात दिनांक 08.05.2026 को मुख्य नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जाएगा, जिसकी कुल अवधि 15 घंटे निर्धारित है। इसमें 12 घंटे का सिग्नल एवं दूरसंचार डिसकनेक्शन तथा 3 घंटे का ट्रैफिक ब्लॉक शामिल रहेगा। नॉन इंटरलॉकिंग कार्य प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 23:00 बजे तक चलेगा, जबकि ट्रैफिक ब्लॉक रात्रि 20:00 बजे से 23:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस कार्य के कारण कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

### रद्द की जाने वाली गाड़ियाँ:

गाड़ी संख्या 68817 गोंदिया-गढ़ा मेमो पैसेंजर दिनांक 08.05.2026 को अपने प्रारंभिक गोंदिया स्टेशन से रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 68818 गढ़ा-गोंदिया मेमो पैसेंजर दिनांक 08.05.2026 को अपने प्रारंभिक गढ़ा स्टेशन से रद्द रहेगी।

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व गाड़ियों की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें तथा असुविधा से बचने हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाओं का उपयोग करें।




जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर




## 7 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म मामले में आरोपी को उम्रकैद

### अभियोजन की मजबूत पैरवी पर गोंदिया कोर्ट का कड़ा फैसला..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले में 7 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुए जघन्य यौन अत्याचार मामले में जिला विशेष न्यायालय ने आरोपी लक्ष्मण उर्फ मुका इसरू ब्रम्हणकर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास (उम्रकैद) के साथ सश्रम*

कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यदि आरोपी जुर्माना अदा नहीं करता है, तो उसे अतिरिक्त दो वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना होगा। मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के. एन. गौतम ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 6 और भारतीय दंड संहिता की धारा 376(एबी) के तहत दोषी पाया। हालांकि, पॉक्सो कानून की धारा 42 के प्रावधान के अनुसार अलग से अतिरिक्त सजा नहीं दी गई।

### 11 गवाहों की गवाही और मजबूत सबूतों ने दिलाई सजा..

इस मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत में कुल 11 गवाहों के बयान करवाए। इनमें एक मूक-बधिर विद्यालय के विशेष शिक्षक भी शामिल थे, जिनकी गवाही महत्वपूर्ण मानी गई। आरोपी की ओर से एक गवाह पेश किया गया था, लेकिन अभियोजन पक्ष ने उसकी गहन जिरह (क्रॉस-एग्जामिनेशन) कर उसके बयान को कमजोर साबित किया और महत्वपूर्ण तथ्य अदालत के सामने रखे।

अदालत ने अपने फैसले में इन सभी पहलुओं को स्पष्ट रूप से ध्यान में रखा। अदालत ने यह भी आदेश दिया कि जांच और सुनवाई के दौरान आरोपी ने जो समय जेल में बिताया है, उसे उसकी सजा में समायोजित किया जाएगा।

### पीड़िता को मिलेगा मुआवजा

अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि जुर्माने की राशि अपील अवधि खत्म होने के बाद पीड़िता को दी जाए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोंदिया पीड़िता के पुनर्वास के लिए उचित मुआवजा तय करे। यह मुआवजा राज्य सरकार की 'पीड़ित मुआवजा योजना' के तहत प्रदान किया जाएगा।

### सरकारी वकील की प्रभावी पैरवी

इस पूरे मामले की पैरवी गोंदिया जिले के सहायक संचालक एवं सरकारी अभियोक्ता सतीश यू. घोडे ने प्रभावी ढंग से की, जिसकी अदालत ने सराहना की। इस फैसले के जरिए अदालत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि नाबालिग बच्चियों के साथ अपराध करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी और ऐसे मामलों में न्याय पालिका किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगी।




## गोंदिया में संत ज्ञानेश्वर महाराज की 750 वीं जयंती पर 'मोगरा फुलला' का सुरमय आयोजन..

### 8 मई को बापट लॉन्स में होगा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, अभंग और विचारों से गूंजेगा माहौल




जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर में संत परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। संत ज्ञानेश्वर महाराज की 750 वीं जयंती के उपलक्ष्य में राज्य शासन के सांस्कृतिक कार्य संचालनालय द्वारा 'मोगरा फुलला'*

नामक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 8 मई 2026 को शाम 6 बजे बापट लॉन्स रेल टोली गोंदिया में आयोजित होगा। गौरतलब है कि इस आयोजन के पीछे सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार की विशेष पहल है। राज्यभर में संत ज्ञानेश्वर महाराज के जीवन और विचारों का प्रसार करने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें 'मोगरा फुलला' एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से संत ज्ञानेश्वर महाराज के जीवनचरित्र, अभंगों में निहित दर्शन, मानवता और समता का संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में वक्ता गणेश शिंदे अपने प्रभावशाली निरूपण से संतों के जीवन का विश्लेषण करेंगे। गायिका सन्मिता शिंदे अभंग और भावगीतों की मधुर प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। गौरतलब है कि आज के तेज़, तनावपूर्ण और तकनीक-प्रधान जीवन में लोग अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे समय में 'मोगरा फुलला' जैसे कार्यक्रम समाज को समता, भाईचारा और एकता का संदेश देते हुए सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। संत ज्ञानेश्वर महाराज के विचार आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक और प्रेरणादायक माने जाते हैं।

### युवा पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास..

आधुनिकता के प्रभाव के कारण पारंपरिक संत साहित्य से दूर हो रही युवा पीढ़ी तक इन महान विचारों को पहुंचाने का कार्य भी इस कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा। इस दृष्टि से यह आयोजन केवल सांस्कृतिक नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का एक महत्वपूर्ण अभियान भी है। आयोजकों ने गोंदिया के नागरिकों से अपील की है कि वे इस प्रेरणादायी और सुरमय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं।

## महाराष्ट्र में जलसंकट से उबरने के लिये सरकार हर गांव हर शहर में अधिक से अधिक तालाबों का निर्माण करे..



गोंदिया शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी ने की जनहित की मांग..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*पुरे देश में विशेष रुप से महाराष्ट्र प्रदेश में भीषण गर्मी में भयंकर पेयजल संकट की स्थिति की निर्माण हो चुका है। अनेक जिलों और शहरों में टैंकरों के माध्यम से जलसेवाएं देने की स्थिति बन रही है, यदि जलसंकट की ऐसी स्थितियों से उबरने के लिये सरकारों ने काम नहीं किया तो जैसा की कहा जाता है कि एक युद्ध विश्व में जल के लिये होगा,*

यह बात गोंदिया शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कही, तथा श्री चौधरी ने राज्य की सरकार से पुरे महाराष्ट्र में हर गांव हर जिले में रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से तालाबों का निर्माण करवाए, ताकि बारिश में इन तालाबों में जलसंग्रहण होने से भूमि का जलस्तर भी सुधरे। अशोक चौधरी ने कहा कि गोंदिया जिले की ही बात करें तो जिले और शहर में जितने भी तालाब थे, उसमें से बहुत से तालाब खत्म कर दिये गए, जबकि अनेक तालाब तो अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि जलसंग्रहण और जमीन के जलस्तर को बनाये रखने के लिये तालाब सबसे अच्छे स्त्रोत हो सकते हैं, लेकिन इसके लिये सरकार द्वारा बीते 10 वर्षों में भीषण जलसंकट के बावजूद कोई काम नहीं किया गया है, जबकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के निर्माण के लिये भूमि अधिग्रहण कर सरकार को अधिक से अधिक तालाबों का निर्माण कर तालाबों का संरक्षण भी अवश्य करना चाहिये।

तालाबों के निर्माण के साथ ही तालाब के चारों ओर ऑक्सीजनयुक्त पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को भी बढ़ावा देने का प्रयास करना चाहिये। श्री चौधरी ने सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी मांग की कि वे भी तालाबों के निर्माण के संदर्भ में सरकार का ध्यान जरुर आकर्षित कराएं, ताकि जलसंकट की स्थिति कभी उत्पन्न ना हो।




## गोंदिया जिले के देवरी में 7 मई को रोजगार मेले का आयोजन

### बेरोजगारों के लिए सुनहरा मौका

जगप्रेरणा गोंदिया।

*महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। जिला कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र तथा मॉडल कैरियर सेंटर,*

गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार, 7 मई 2026 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था देवरी (आईटीआई, देवरी) में एक विशाल रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस रोजगार मेले में विभिन्न प्रसिद्ध कंपनियां, उद्योगपति, नियोक्ता और प्लेसमेंट एजेंसियां भाग लेंगी। मेले में आने वाले योग्य उम्मीदवारों को सीधे इंटरव्यू के माध्यम से नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। इस रोजगार मेले में 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई उत्तीर्ण एवं किसी भी विषय में स्नातक (ग्रेजुएट) युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किये जाएंगे।

रोजगार मेले में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को जिला कौशल विकास रोजगार एवं उद्यमिता मार्गदर्शन केंद्र गोंदिया का रजिस्ट्रेशन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज साथ में लाने होंगे। अधिक जानकारी के लिए युवा फोन 07182-299150 पर संपर्क कर सकते हैं। इस रोजगार मेले में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल होने की अपील सहायक आयुक्त रा. ना. माटे द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि यह मेला युवाओं के लिए रोजगार पाने का सुनहरा अवसर है, जिसका सभी को लाभ उठाना चाहिए।




## माउंट लिटरा झी स्कूल, गोंदिया सीबीएसई का कक्षा 10 वीं का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत..




जगप्रेरणा गोंदिया।

*एस.एस.ए. एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी व्दारा संचालित माउंट लिटरा झी स्कूल गोंदिया के कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों का सीबीएसई परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा।*

विद्यालय की छात्रा आंचल रमेश कुमार मानकर ने 94.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। गार्गी सचिन बंसोड़ ने 93.80 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय में व्दितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार संकुल सुनील खांडेकर ने 92.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया।

इसी प्रकार विद्यालय के छात्र लक्ष्य केशोराव कावले ने (91.60 प्रतिशत), चैताली चंद्रशेखर तुरकर ने (88.20 प्रतिशत), सोनम रंजय कोयराला ने (86.40 प्रतिशत), पूर्वा निलकंठ गायधने ने (83.40 प्रतिशत), युगांत इंद्रकेश मोहरे ने (83.20 प्रतिशत), हर्ष मुकुल रहांगडाले ने (81.20 प्रतिशत), श्रीशा बालकृष्ण रेड्डी ने (79.40 प्रतिशत) प्राप्त कर अपने पालकों व विद्यालय का नाम रोशन किया। यह उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की शत प्रतिशत प्रथा को कायम रखते हुए इस वर्ष के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अपने अथक प्रयास से शत प्रतिशत परीक्षाफ्ल दिया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के संचालक नितिश अग्रवाल, ललित अग्रवाल संचालिका निशि अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र तलरेजा तथा संपूर्ण शिक्षकवृंद व शिक्षेत्तर कर्मचारियों ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्जवल व गगनचुंबी भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दी।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com